# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026


## अब निवेशकों की 'चांदी' नहीं, 19 दिनों में कीमत पौने दो लाख रुपए कम, कारोबारियों का भी निकला दम



29 जनवरी को दाम 413700 रुपए थे

अब 238500 रुपए हो गए हैं

चांदी में नए साल में जिस तरह का दाम को लेकर खेल चल रहा है, वह समझ के बाहर है। कारोबारियों के साथ निवेशक भी नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर हो क्या रहा है। पहले कभी एमसीएक्स में ऐसा नहीं होता था। रात को 12 बजे भी दाम बहुत कम ज्यादा हो रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*बीते माह चांदी के दाम चार लाख के पार जाकर 29 जनवरी को 413700 हो गए। इसके बाद 48 घंटों में ही दाम 118000 हजार कम हो गए थे। अब फरवरी में दाम कम होते-होते मंगलवार को 238500 रुपए हो गए। एक ही दिन में दाम 9500 कम हुए हैं। सोमवार को दाम 248000 रुपए थे। चांदी के दाम 29 जनवरी को बाजार बंद होने पर 4 लाख 13 हजार 700 रुपए थे। इस दाम में 30 जनवरी शाम को छह बजे 71700 रुपए की कमी आ गई और दाम 3 लाख 42000 हो गए। इसके एक घंटे बाद सात बजे जब दाम खुले तो दाम और 11 हजार और कम होकर दाम 3 लाख 31000 रुपए हो गए। आधे घंटे बाद दाम में 9 हजार की* ▶▶ शेष पेज 7 पर



### रात को 84 हजार का झटका

30 जनवरी की रात को 12 बजे चांदी के दाम ने 84 हजार का झटका दे दिया और दाम 255000 हजार हो गए। हालांकि ये दाम ज्यादा समय तक नहीं रहे। इसके बाद पहले दाम तीन लाख और फिर दाम तीन लाख पांच हजार हो गए। 31 जनवरी की सुबह को दाम तीन लाख पांच हजार रहे। ये दाम शाम होते-होते दो लाख 95 हजार हो गए। इस दिन सुबह से लेकर शाम तक दाम दस हजार ही घटे, लेकिन इसके पहले 48 घंटों में दाम एक लाख 18 हजार टूटे।

### 19 दिनों का हिसाब किताब

*29 जनवरी को दाम 413700 हो गए थे इसके बाद से चांदी के दाम लगातार कम ज्यादा हो रहे हैं। 19 दिनों में इसके दाम 175200 रुपए कम हुए हैं। मंगलवार की सुबह को दाम खुले तो दाम 238500 रुपए हो गए। दो फरवरी सोमवार को बाजार खुलने पर दाम 262300 रुपए थे। इसके बाद दाम बढ़े जरूर लेकिन तीन लाख के पार नहीं गए। चार फरवरी को दाम 294000 रुपए रहे। इसके बाद से दाम कम होते-होते अब दाम ढाई लाख से भी कम हो गए हैं।*

### सोने के दाम में ज्यादा फेरबदल नहीं

*एक तरफ चांदी के दाम बहुत ज्यादा उपर नीचे हो रहे हैं, लेकिन जहां तक सोने का सवाल है तो सोने के दाम में ज्यादा फेरबदल नहीं हो रहा है। 24 कैरेट सोने के दाम दो फरवरी को 154200 रुपए थे जो इस समय 17 फरवरी मंगलवार को 155400 रुपए हैं। सोने के दाम 29 जनवरी को सबसे ज्यादा 187000 हुए थे। इसके बाद से लगातार दाम कम ज्यादा हो रहे हैं।*


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹113802/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹138990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹151721/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels, Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा पंजीकरण के लिए देना होगा शुल्क



**देहरादून।** इस वर्ष 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से न्यूनतम पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा। शुल्क का जल्द निर्धारण किया जाएगा। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में ऋषिकेश में हुई एक बैठक में यह तय किया गया। इस वर्ष तीर्थयात्रियों की संख्या सीमित नहीं की जाएगी लेकिन प्रत्येक यात्री के लिए पंजीकरण अनिवार्य रहेगा।

### बच्चा चोरी के शक में पीटे गए युवक की मौत

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में बच्चा चुराने के संदेह में 45 वर्षीय जिस व्यक्ति को बुरी तरह पीटा गया था उसकी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना रविवार रात पिपरवार थाना क्षेत्र में हुई, जहां चिरैयाटांड़ और किचटो गांवों के कुछ निवासियों ने व्यक्ति की बच्चा चुराने के संदेह में बेरहमी से पिटाई कर दी। मृतक की पहचान रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बरवाटोली निवासी रामबली राजवार के रूप में हुई है।

### सलमान के पिता सलीम खान मुंबई के अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक 90 वर्षीय सलीम खान को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर 'शोले', 'दीवार' और 'डॉन' जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं। खान के बेटे सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा और दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल में जाते हुए देखा गया।

### नई दिल्ली-चेन्नई एक्स. की बोगी में आग, हादसा टला

**नागपुर।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में मंगलवार सुबह नयी दिल्ली-चेन्नई ग्रांट ट्रंक एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लग गई। समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सेंट्रल रेलवे के प्रवक्ता संजय मुले ने बताया कि ट्रेन 12616 नई दिल्ली-चेन्नई (तंबरम) ग्रांट ट्रंक एक्सप्रेस में वर्धा के सिंधी रेलवे स्टेशन की ओर जाते समय सुबह 11:09 बजे ट्रेन के आखिरी गार्ड कोच में धुआं देखा गया। उन्होंने बताया कि ट्रेन को सिंधी-तुलजापुर खंड पर रोक दिया गया, प्रभावित डिब्बे को तुरंत अलग कर दिया गया।

### पीएम मोदी व फ्रांस के राष्ट्रपति मैंक्रो के साथ द्विपक्षीय बैठक, संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा

## भारत और फ्रांस मिलकर स्वास्थ्य व डिजिटल विज्ञान क्षेत्र के लिए एआई केंद्र करेंगे स्थापित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। मैंक्रो ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दोनों देश महत्वपूर्ण खनिजों, जैव प्रौद्योगिकी और उन्नत सामग्रियों के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मैंक्रो ने कहा, हम स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के लिए भारत-फ्रांस केंद्र, डिजिटल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए भारत-फ्रांस केंद्र और विमानन में कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय गठबंधन केंद्र शुरू करेंगे। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा।

इस दौरान मोदी और मैंक्रों ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा-एयरबस की एच125 लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर की लास्ट असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वो जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग स्टेज में जोड़े जाते हैं। यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार होता है। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत-फ्रांस के संबंध बहुत विशेष हैं : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और फ्रांस के संबंध बहुत विशेष हैं। फ्रांस भारत के सबसे पुराने रणनीतिक सहयोगी में एक है। राष्ट्रपति मैंक्रो के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक समझौते को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा दी है। इस विश्वास और साझा विजन के आधार पर हम आज अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के रूप में स्थापित कर रहे हैं। यह केवल रणनीतिक समझौता नहीं बल्कि वैश्विक उथल-पुथल भरे युग में वैश्विक स्थिरता और वैश्विक प्रगतिशील समझौता है।



### मैक्रों बोले- हम 'मेक इन इंडिया' के भरोसेमंद साथी

*इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि डिफेंस सेक्टर में फ्रांस, 'मेक इन इंडिया' का भरोसेमंद साथी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर नए जमाने के इंजन, मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, मॉर्डन फाइटर जेट्स और पनडुब्बियां बनाने पर काम कर रहे हैं। मैक्रों ने कहा कि यह सिर्फ रक्षा सौदों तक सीमित बात नहीं है, बल्कि यह दो बड़े देशों की मजबूत साझेदारी है।*

### अब लीडरशिप वाला देश बन गया भारत

इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि भारत दुनिया में हो रहे नए आविष्कारों और नई तकनीकों में सिर्फ हिस्सा लेने वाला देश नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर नेतृत्व करने वाला देश है। भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि अल्फाबेट के सीईओ भारतीय हैं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ भारतीय हैं, आईबीएम के सीईओ भारतीय हैं, एडोबी के सीईओ भारतीय हैं और पालो आल्टो नेटवर्क्स के सीईओ भी भारतीय हैं।

### इनोवेशन का मतलब लोगों की जिंदगी बेहतर हो : मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि इनोवेशन का मतलब सिर्फ बड़ी तकनीकी उपलब्धियां नहीं होता, बल्कि इसका मकसद आम लोगों की जिंदगी को बेहतर, और सुरक्षित बनाना भी है। उन्होंने स्पेस सेक्टर का भी जिक्र किया और कहा कि त्रिशना सैटेलाइट इस बात का उदाहरण है कि जब साइंटिस्ट और इंडस्ट्री मिलकर काम करते हैं तो बड़े नतीजे सामने आते हैं। मैक्रों ने कहा कि भारत में सिविल और न्यूक्लियर सेक्टर में भी कई पहल चल रही हैं।

### मोदी बोले- भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा इकोसिस्टम

पीएम मोदी ने इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। दुनिया की करीब हर बड़ी कंपनी भारत के स्टार्टअप से जुड़ी हुई है।

### बिरनपुर हिंसा मामले में तीन साल बाद आया फैसला

## मौजूदा विधायक के पुत्र की हत्या के बाद भड़की हिंसा में दो की मौत के मामले में 17 बरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के बहुचर्चित बिरनपुर हिंसा प्रकरण में लगभग तीन वर्ष बाद बड़ा न्यायिक फैसला सामने आया है। जिला सत्र न्यायालय, बेमेतरा ने पिता-पुत्र रहीम मोहम्मद और ईदुल मोहम्मद की हत्या के मामले में आरोपित 17 व्यक्तियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

*खेत में मिले थे शव, हत्या का मामला दर्ज किया गया था, संदेह का मिला लाभ*

गौरतलब है कि बिरनपुर हिंसा की पृष्ठभूमि 8 अप्रैल 2023 की उस घटना से जुड़ी है, जब साजा क्षेत्र में दो बच्चों के बीच मामूली विवाद ने देखते-देखते साम्प्रदायिक तनाव का रूप ले लिया। इसी दौरान 22 वर्षीय भुनेश्वर साहू की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। भुनेश्वर, साजा विधायक ईश्वर साहू के पुत्र थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया। 10 अप्रैल 2023 को विश्व हिंदू परिषद द्वारा छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया। बंद के दौरान कई स्थानों पर हिंसा, आगजनी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी

प्रारंभिक जांच में पुलिस ने 12 लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा गया। अप्रैल 2024 में सीबीआई टीम ने बिरनपुर का दौरा कर पुनः जांच शुरू की। 30 सितंबर 2025 को दाखिल चार्जशीट में सीबीआई ने छह नए आरोपियों का उल्लेख किया। जांच एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि घटना को राजनीतिक साजिश बताने के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। चार्जशीट में अंजोर यदु का नाम शामिल नहीं किया गया, जबकि विधायक ईश्वर साहू लगातार उनकी भूमिका पर सवाल उठाते रहे थे।

### तीन साल बाद भी अधूरी कहानी

बिरनपुर हिंसा प्रकरण ने न केवल दो परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई, बल्कि पूरे प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक फिजा को भी प्रभावित किया। एक ओर विधायक पुत्र भुनेश्वर साहू की हत्या ▶▶ शेष पेज 7 पर

## हरिभूमि आईएनएच जिला संवाद दंतेवाड़ा के जवांगा गीदम में आज

प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों से करेंगे संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

पावन नगरी दंतेवाड़ा जिला के एजुकेशन सिटी जावंगा गीदम में हरिभूमि आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में जिला संवाद का आयोजन 18 फरवरी को गीदम के एजुकेशन सिटी आडिटोरियम में सुबह 11 बजे से होगा। छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मंत्री, सांसद व जनप्रतिनिधि रहेंगे उपस्थित

*इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, अध्यक्ष जिला पंचायत नंदलाल मुड़ामी, अध्यक्ष नगर पालिका दंतेवाड़ा पायल गुप्ता, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी, पूर्व जिलाध्यक्ष व पीसीसी मेंबर अवधेश गौतम तथा जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा मुख्य रूप से अतिथि रहेंगे।*

## राजस्व परीक्षा में पर्चा लीक, 3000 पेज का चालान, डिजिटल साक्ष्य का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा-2024 के पेपर लीक केस की जांच कर रही राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण (ईओडब्ल्यू)-एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को इस प्रकरण में आरोपी बनाए गए विरेंद्र जाटव एवं हेमंत कुमार कौशिक के विरुद्ध न्यायालय में तीन हजार पन्नों का चालान पेश किया है। इस चालान में पेपर लीक के डिजिटल साक्ष्य मिलने का जांच एजेंसी ने दावा किया है। इन साक्ष्यों के अनुसार 100 से अधिक अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराकर उनसे मोटी रकम ली गई है। ईओडब्ल्यू-एसीबी ▶▶ शेष पेज 7 पर

- ईओडब्ल्यू-एसीबी ने न्यायालय में पेश किया चालान



हेमन्त कौशिक | वीरेन्द्र जाटव

### अधिकारियों-निरीक्षकों के शामिल होने की आशंका

*पेपर लीक केस में वित्तीय लेनदेन (मनी ट्रेल) सहित अन्य संभावित संलिप्त अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं व्यक्तियों की भूमिका की जांच भी की जा रही है। इसमें दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 (8) के तहत विवेचना जारी है।*

### अभ्यर्थियों के अंकों व उत्तर पैटर्न में पाई गई समानता

*जांच एजेंसी ने अपने चालान में होटल, फार्म हाउसएवं रिजॉर्ट्स में ठहरे कई अभ्यर्थियों के अंकों एवं उत्तर पैटर्न में समानता पाए जाने का भी उल्लेख किया है, जिससे एक समान उत्तर-कुंजी के आधार पर तैयारी के संकेत मिले। इसके अलावा सीडीआर विश्लेषण में परीक्षा से पूर्व रात 6 जनवरी 2024 को अभ्यर्थियों एवं आरोपियों की एक ही एवं समान लोकेशन में* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 2008 से 2013 बैच के अफसर शामिल

## राज्य प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों को आईएएस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिल्ली में हुई डीपीसी में छत्तीसगढ़ के सात राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आईएएस अवार्ड हुआ है। राज्य सेवा के 2008 से लेकर 2013 बैच के अफसर शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के राज्य प्रशासनिक सेवा के जिन सात अधिकारियों को आईएएस मिला है, उनमें तीर्थराज अग्रवाल, लीना कोसम, सौमिल रंजन चौबे, संदीप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, बीरेंद्र पंचभाई, आशीष टिकरिहा शामिल हैं।

*तीर्थराज, लीना, सौमिल, संदीप, सुमित, पंचभाई और आशीष टिकरिहा शामिल*

लीना कोसम इस समय पीएससी की परीक्षा नियंत्रक हैं। सौमिल चौबे हार्वर्ड एवं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं। संदीप अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत बिलासपुर के रूप में पदस्थ हैं। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- यह पूरी तरह ग्राहक की मर्जी पर निर्भर

## रेस्टोरेंट बिल में जबरन नहीं जोड़ सकते 'सर्विस चार्ज' लगेगा भारी जुर्माना, सभी राज्यों को करना होगा पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अगर आप बाहर खाना खाने के शौकीन हैं, तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। अब कोई भी रेस्टोरेंट आपसे जबरन सर्विस चार्ज नहीं वसूल सकता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में स्थिति पूरी तरह साफ कर दी है। अदालत के अनुसार, सर्विस चार्ज देना पूरी तरह ग्राहक की मर्जी पर निर्भर है। रेस्टोरेंट इसे अनिवार्य बताकर आपके बिल में नहीं जोड़ सकते हैं। अब अगली बार बिल ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अदालत ने लगाई रेस्टोरेंट्स को फटकार

दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंट्रल कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी की गाइडलाइंस का समर्थन किया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि रेस्टोरेंट मालिक खुद से बिल में सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते। अक्सर होटल और रेस्टोरेंट खाने के बिल पर 5 से 10 फीसदी तक सर्विस चार्ज जोड़ देते हैं।




### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बिल में ऑटोमेटिक तरीके से सर्विस चार्ज जोड़ना 'अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस' के दायरे में आता है।

### ग्राहक ऐसे बचा सकते हैं अपने पैसे

यदि आपके बिल में जीएसटी के अलावा सर्विस चार्ज लगा है, तो आप इसे हटाने के लिए कह सकते हैं। आपके पास ये अधिकार सुरक्षित हैं:

- आप बिल से सर्विस चार्ज हटवाने की मांग कर सकते हैं।
- होटल स्टाफ आपसे जबरदस्ती पैसे नहीं मांग सकता।
- जबरन वसूली होने पर आप नेशनल ▶▶ शेष पेज 7 पर




छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

# विष्णु के सुशासन में
# महिला सशक्तीकरण



## महिला शक्ति को सम्मान

**69 लाख** से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह **₹1000** की सहायता

**प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना** के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को **₹237 करोड़** की सहायता

**19 लाख** से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार की सुनिश्चितता

महिला सुरक्षा के लिए **सखी वन स्टॉप सेंटर** और महिला हेल्पलाइन **181** की स्थापना

महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर **179 महतारी सदनों** का निर्माण



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

## सुशासन से समृद्धि की ओर

रायपुर
बुधवार 18 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष: 24, अंक : 209
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 16.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# बिजली की कीमत बढ़ेगी,पर चिंता कुछ को ही...तीन जिलों में जन सुनवाई, पहुंचे सिर्फ एक दर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


प्रदेश में बिजली के 65 लाख उपभोक्ता हैं। बिजली के नए टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग ने मंगलवार से जनसुनाई प्रारंभ की है। पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के क्षेत्रीय दफ्तरों में जनसुनवाई की जा रही है। मंगलवार को दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव में हुई जनसुनवाई में महज एक दर्जन उपभोक्ता पहुंचे। सभी ने एक स्वर में बिजली की कीमत न बढ़ाने की मांग रखी। अब बुधवार को तीन और क्षेत्रीय दफ्तरों में जनसुनवाई होगी। इसके बाद 19 और 20 फरवरी को नियामक आयोग रायपुर के दफ्तर में जनसुनवाई होगी। बिजली नियामक आयोग ने पहली बार पॉवर कंपनी के आधा दर्जन क्षेत्रीय दफ्तरों में भी जनसुनवाई रखी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता अपने सुझाव दे सकें। पहले दिन सोमवार को सबसे पहले दुर्ग में सुबह को 10.30 से 12 बजे तक जनसुनाई में महज चार उपभोक्ता पहुंचे। इनमें एक बीएसपी के विजय देशमुख के साथ ही तीन अन्य उपभोक्ता राधेश्याम अग्रवाल, मेहरबान सिंह और संतोष साहू शामिल हैं। इन्होंने अपना पक्ष रखते हुए बिजली की कीमत न बढ़ाने की मांग रखी। इसके बाद बिलासपुर में ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

## दुर्ग में चार, बिलासपुर में तीन और राजनांदगांव में आए पांच उपभोक्ता

### आज इन जिलों में सुनवाई

- बुधवार को अंबिकापुर में 10 से 12 बजे तक, जगदलपुर में 12 से 1.30 बजे तक और रायगढ़ में 3 से 4 .30 बजे तक जनसुनवाई होगी



### रायपुर में हंगामाखेज होगी जनसुनवाई

19 फरवरी को नियामक आयोग के दफ्तर रायपुर में 12 से 1.30 तक कृषि एवं कृषि संबंधित कार्य, 2.30 से 4 बजे तक घरेलू, 4 से 5.30 बजे तक गैर घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं की जनसुनवाई होगी। 20 फरवरी को 12 से 1.30 तक स्थानीय निकाय, नगर निगम और ट्रेड यूनियन, 2.30 से ▶▶|शेष पेज 7 पर

# सिरगिट्टी की नर्मदा ड्रिंक्स कंपनी में आयकर का छापा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नर्मदा ड्रिंक्स प्राइवेट लिमिटेड में आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह छापा मारा। टीम सुबह 5 बजे फैक्ट्री पहुंची और अंदर मौजूद रिकॉर्ड-दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। टीम में 10 अधिकारी थे जो तीन गाड़ियों में पहुंचे थे। फैक्ट्री पहुंचते ही आईटी की टीम ने कंपनी के अकाउंट, स्टॉक और वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागजात का अपने कब्जे में ले लिया और खंगालना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री के अंदर-बाहर गतिविधियों पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जांच व्यापक स्तर पर की जा रही

आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग की टीम दस्तावेजों के मिलान, कर विवरणियों और संभावित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है, जिसमें उत्पादन और आय व्यय की जानकारी जुटाई जा रही है। फैक्ट्री परिसर में आने जाने वालों को रोक दिया गया था कंपनी के अधिकारियों से लगभग दिन भर पूछताछ की गई।

## खबर संक्षेप

### अमित शाह आज मायापुर में इस्कॉन मंदिर जाएंगे




**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज 18 फरवरी को पश्चिम बंगाल के मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए संक्षिप्त यात्रा करेंगे। उनके कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि शामिल नहीं है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार, शाह के दोपहर में कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे वहां से हेलीकॉप्टर से मायापुर जाएंगे।

### इमारत की 'स्लैब' गिरी तीन घायल, 80 को निकाला

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में मंगलवार सुबह एक आवासीय इमारत की पांचवीं मंजिल से एक स्लैब नीचे वाली मंजिल पर गिरने से तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है। यह घटना वागले एस्टेट के शांतिनगर स्थित पांच मंजिला नूतन नीलम अपार्टमेंट में तड़के तीन बजकर सात मिनट पर हुई। अधिकारियों के अनुसार, यह इमारत लगभग 35 साल पुरानी है और घटना के बाद 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### इरोड के मंदिर में नीलामी में एक नींबू 13,000 में बिका



**इरोड।** इरोड जिले के पझमथिन्नी करुप्पा ईश्वरन मंदिर में महाशिवरात्रि समारोह के तहत आयोजित एक नीलामी में एक नींबू 13,000 रुपये में बिका। अनुष्ठानों के बाद, अधिष्ठाता देवता को सुशोभित करने वाली चांदी की एक अंगूठी, चांदी का एक सिक्का और एक नींबू को नीलामी के लिए रखा गया। वडुगापत्ती गांव के विश्वनाथन ने 13,000 रुपये की बोली लगाकर नींबू हासिल किया।

### जिस अस्पताल में सीएम मान भर्ती उसे उड़ाने की धमकी

**मोहाली।** पंजाब के कई स्कूलों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार सुबह स्कूलों को ईमेल से मिली धमकी से पूरे शहर में दहशत फैल गई। ईमेल भेजने वालों ने मोहाली के फोर्टिस अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी है, जहां अभी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भर्ती हैं। धमकी के बाद स्कूलों समेत पूरे अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्कूल खाली कराए गए हैं।

### ईरान से आई बोट से 200 किलो से ज्यादा ड्रग्स बरामद



**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते और तटरक्षक बल ने गुजरात तट से दूर समुद्र में 200 किलो से अधिक ड्रग्स जैसे सफेद पाउडर के साथ दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा है। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस को पोरबंदर तट से लगभग 140 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट तटरक्षक बल ने देर रात करीब आठ बजे दो ईरानी नागरिकों को संदिग्ध रसायनों की 203 थैलियों के साथ पकड़ा।

## एसीबी की एसआईटी की टीमें 15 जगह तलाशी ले रहीं, कई दस्तावेज बरामद

# 900 करोड़ के जलजीवन मिशन घोटाले में दिल्ली राजस्थान, झारखंड तक रेड, हिरासत में 9 अधिकारी

*एसीबी की एसआईटी टीम ने मंगलवार सुबह जयपुर, दिल्ली, बाड़मेर, सीकर, बिहार, झारखंड और जालोर सहित कुल 15 जगहों पर 'जल जीवन मिशन' घोटाले के संबंध में छापेमारी की। डीआईजी रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में यह सर्च ऑपरेशन रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल और करीब 15 अन्य आरोपियों के संभावित ठिकानों पर चलाया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन मामले में ताबड़तोड़ छापेमारी कर प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी। कई राज्यों में फैली इस कार्रवाई में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

- सुबह से ही एसीबी की टीमों ने संदिग्धों के आवास और कार्यालयों पर दबिश दी

कार्रवाई का प्रमुख फोकस पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल से जुड़े संभावित ठिकाने रहे। जांच एजेंसी को संदेह है कि मिशन के दौरान हुए कथित करोड़ों के फर्जीवाड़े की कड़ियां उच्च प्रशासनिक स्तर तक जुड़ी हो सकती हैं। सुबह से ही एसीबी की टीमों ने संदिग्धों के आवास और कार्यालयों पर दबिश दी। फिलहाल एसीबी और अन्य जांच एजेंसियां मामले की तह तक पहुंचने में जुटी हैं और आने वाले दिनों में और खुलासे संभव हैं।

## कई राज्यों में फैली इस कार्रवाई में कई संदिग्धों पर भी नजर

### डीआईजी के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन

*यह पूरी कार्रवाई डीआईजी रामेश्वर सिंह की सीधी निगरानी में हो रही है। एसीबी की टीमें उन सभी संदिग्ध ठिकानों को खंगाल रही हैं, जिनका संबंध 'जल जीवन मिशन' के टेंडरों या भुगतान प्रक्रियाओं से रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस बड़े सर्च ऑपरेशन के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं, जिससे घोटाले की पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।*

### 9 लोग हिरासत में,पूछताछ जारी

*एसीबी ने सख्त रुख अपनाते हुए नौ लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार केडी गुप्ता, सुशील शर्मा, डीके गौड़, महेंद्र सोनी, विशाल सक्सेना, दिनेश गोयल, शुभांशु दीक्षित, अरुण श्रीवास्तव और निरिल कुमार से पूछताछ की जा रही है। सभी से अज्ञात स्थानों पर गहन पूछताछ चल रही है और जांच एजेंसियों को बड़े खुलासों की उम्मीद है। सुबह से शुरू हुई इस छापेमारी का अहम मकसद घोटाले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य जुटाना है।*



### पीएचडी सीई गोयल ताज होटल से गिरफ्तार

जल जीवन मिशन घोटाले में चल रहे एसीबी की कार्रवाई में पीएचडी के चीफ इंजीनियर दिनेश गोयल को उदयपुर के ताज होटल के सुईट से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पार्टी की तैयारी कर रहा था। एसीबी की टीम दिनेश गोयल को लेकर जयपुर के लिए रवाना हो चुकी है। मामले में पता लगाया जा रहा है कि किसने ताज अरावली के सुईट की बुकिंग करवाई थी।

### रिटायर्ड आईएएस और 15 ठिकानों पर रेड

'जल जीवन मिशन' में हुए कथित भ्रष्टाचार की परतें खोलने के लिए एसीबी की टीम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी है। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल के ठिकानों पर हुई छापेमारी को इस मामले की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। जांच टीम अलग-अलग राज्यों और शहरों में एक साथ सर्च कर रही है।

### पहले दर्ज हुई थी एफआईआर

इससे पूर्व एसीबी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों के ठेके आवंटित करने के मामले में पीएचईडी के तीन अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाया गया। जिन अधिकारियों के नाम सामने आए, उनमें तत्कालीन मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता महेंद्र प्रकाश सोनी और अधिशासी अभियंता सिद्धार्थ टांक शामिल हैं।

### क्या है जल जीवन मिशन मामला?

हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नल कनेक्शन देने के नाम पर कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदारों ने पीएचईडी अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर टेंडर हासिल किए और घटिया सामग्री का उपयोग किया। कई स्थानों पर बिना काम के ही भुगतान उठाए जाने के आरोप भी जांच में सामने आए हैं।

# सुकमा में कमाण्डर समेत 22 नक्सलियों ने किया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत माओवादी संगठन में सक्रिय 22 माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। सभी नक्सलियों ने शासन के पुनर्वास नीति एवं पुलिस के बढ़ते प्रभाव के कारण तथा पूना मारगेम- पुनर्वास से पुनर्जीवन से प्रभावित होकरआत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में लगातार सफल ऑपरेशनों, नये सुरक्षा कैम्पों की स्थापना, सुदृढ़ सड़क सम्पर्क तथा विकास कार्यों की बढ़ती पहुंच के कारण माओवादी संगठन का प्रभाव लगातार कम हो रहा है।

- समर्पित नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल

माओवादियों को मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रोत्साहित कराने में डीआरजी सुकमा, जिला बल सुकमा, रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) जगदलपुर एवं सीआरपीएफ 02, 74, 111, 223, 227 तथा कोबरा 201 बटालियन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नक्सल मुक्त बस्तर के संकल्प को परिणीत करने के उद्देश्य से लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित ▶▶|शेष पेज 7 पर

### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में एलमपल्ली जीआरडी मिलिशिया कमांडर गोंचे हुंगा के अलावा मड़कम बण्डी, माड़वी हांदा, मड़कम नन्दा, मड़कम रामा, मड़कम सोमड़ा, मिडियाम आयता, मड़कम चैतु, माड़वी हुंगा, लक्ष्मी मुचाकी, गोंचे उर्फ मड़कम हुंगा, माड़वी दूला, कुंजाम केसा, वेको विज्जा, वेको हड़मा, मुचाकी सुक्का, माड़वी जोगा, मड़कम पाण्डू, नुप्पो देवा, भोगाम दसरू उर्फ सोना, सलवम लखमा तथा जगत उर्फ मुचाकी भीमा शामिल है।

## भारत से ओम बिरला मौजूद रहे

# तारिक बने पीएम, केबिनेट में हिंदू व बौद्ध भी शामिल



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान ने मंगलवार को 11वें प्रधानमंत्री के रूप में पद की शपथ ली। उनको राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जातीय संसद के साउथ प्लाजा में शपथ दिलाई। तारिक ने अपने केबिनेट में अल्पसंख्यक हिंदू व बौद्ध सांसद को भी शामिल किया है इस मौके पर भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं विदेश सचिव विक्रम मिसरी मौजूद रहे।



### कैबिनेट में बौद्ध और हिंदू सांसद भी शामिल

तारिक के साथ केंद्रीय कैबिनेट में बीएनपी के 25 सांसदों को मंत्री और 24 को राज्य मंत्री बनाया गया है। इसमें अल्पसंख्यक बौद्ध और हिंदू धर्म से भी एक-एक सांसद शामिल हैं। हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले निताई रॉय चौधरी और चकमा बौद्ध नेता दिपेन दीवान को शपथ दिलाई गई है। हालांकि, उनके मंत्रालय की जानकारी नहीं मिली है।

### जमात और एनसीपी ने किया शपथ ग्रहण का विरोध

*बांग्लादेश चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जमात-ए-इस्लामी पहले दिन से ही आक्रामक मोड में आ गई। दरअसल, बीएनपी के सदस्यों ने सांसद के रूप में तो शपथ ले ली लेकिन उन्होंने जुलाई चार्टर से जुड़े संविधान सुधार परिषद के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार कर दिया। इस बात से नाराज जमात-ए-इस्लामी और उसकी गठबंधन सहयोगी नेशनल सिटिजन पार्टी ने बीएनपी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया है।*

## सीएम साय ने की सौजन्य भेंट...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर में निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज से सौजन्य भेंट की। दोनों के बीच आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा हुई। श्री साय ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव,महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# बुजुर्ग की हत्या के विरोध में नगर बंद, स्वस्फूर्त बंद रही दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसमी

हरिभूमि फॉलोअप



एसडीएम समेत चार अन्य की पिटाई से बुजुर्ग आदिवासी ग्रामीण की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के विरोध में मंगलवार को नगर बंद रहा। सर्व आदिवासी समाज व कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। हत्या और मारपीट के मामले में पुलिस ने देर रात ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मृतक का अंतिम संस्कार आज

एसडीएम की मारपीट से आदिवासी बुजुर्ग ग्रामीण राम उर्फ रामनरेश का अंतिम संस्कार आज बुधवार को होगा। रामनरेश की मौत के बाद परिजन शव लेने को तैयार नहीं थे।

### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक जांच टीम का गठन किया है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, पारसनाथ राजवाड़े, भानुप्रताप सिंह, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, विजय पैकरा, शफी अहमद, राजेन्द्र तिवारी, राकेश गुप्ता व हरिहर प्रसाद यादव की 10 सदस्यीय टीम बनाई है।

## 15 फरवरी से लागू हुआ नया नियम, आवेदकों को बड़ी राहत

# पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया हुई आसान, अब 7 दिन में मिलेगा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप पासपोर्ट बनवाने की सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। अब आपको पासपोर्ट के लिए हफ्तों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विदेश मंत्रालय ने 15 फरवरी 2026 से पासपोर्ट से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। इस बदलाव के कारण अब महज एक सप्ताह में पासपोर्ट आपके हाथों में होगा। विदेश मंत्रालय ने पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और तेज करने का फैसला किया है। सरकार का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना और लोगों की परेशानी कम करना है। सबसे बड़ी राहत पुलिस वेरिफिकेशन को लेकर मिली है। अब पुलिस वेरिफिकेशन के लिए लंबी कागजी कार्रवाई का इंतजार खत्म होगा।

## ऐप के जरिए तत्काल होगा पुलिस वेरिफिकेशन

### कागजों का झंझट खत्म, सिर्फ दो दस्तावेज ही काफी

डिजिटली प्रक्रिया के कारण सरकार ने 'डॉक्यूमेंट-लेस' आवेदन की शुरुआत की है। अब आपको दस्तावेजों की भारी फाइल साथ ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिजिलॉकर से अधिकारी आपके दस्तावेज सीधे ऑनलाइन चेक करेंगे। पासपोर्ट अब 10-15 दिन के बजाय सिर्फ 5-7 दिन में आपके घर पहुंच जाएगा। सिर्फ 2 दस्तावेज: अगर आपके पास आधार कार्ड और पैन कार्ड है, तो आप आसानी से आवेदन कर सकते हैं।



### रिन्यूअल और बच्चों के लिए आसान नियम

पासपोर्ट रिन्यू कराना अब पहले से ज्यादा आसान हो गया है। अगर पुराने पासपोर्ट और मौजूदा जानकारी में कोई बड़ा बदलाव नहीं है, तो दोबारा पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होगा। वहीं, बच्चों के पासपोर्ट के लिए अब माता-पिता दोनों की मौजूदगी अनिवार्य नहीं होगी। सिंगल पेरेंट्स अब केवल अपने नाम पर बच्चे का पासपोर्ट बनवा सकेंगे।

### नए आवेदकों को मिलेंगे चिप वाला ई-पासपोर्ट

अब नए आवेदकों को चिप वाला ई-पासपोर्ट मिलेगा। इसमें लगी चिप से विदेश यात्रा के दौरान इमीग्रेशन चेक में समय नहीं लगेगा। बस ध्यान रखें कि आपके आधार और मार्कशीट में नाम और जन्मतिथि एक समान हो। सरकार 15 फरवरी के बाद छोटे शहरों और गांवों में भी सुविधा बढ़ा रही है। नए डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इससे लोगों को बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

चिंतन

# युवा एआई को नए रूप में अपनाकर दक्षता निखारें

तेजी से बदलती दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब कोई भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान की ठोस वास्तविकता बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, मीडिया और प्रशासन हर क्षेत्र में एआई की पैठ बढ़ रही है। ऐसे समय में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि एआई आएगा या नहीं, बल्कि यह है कि वे इसे किस रूप में अपनाते हैं। यदि युवा एआई को केवल आसान कामों का सहारा मानेंगे, तो उनकी मूल दक्षताएं कमजोर पड़ सकती हैं, लेकिन यदि वे इसे अपनी क्षमता बढ़ाने का उपकरण बनाएंगे, तो यही तकनीक उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इस बदलते परिदृश्य का प्रतीक है। समिट का मुख्य आयोजन भारत मंडपम में हो रहा है, जहां 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एआई इम्पैक्ट एक्सपो' लगाया गया है। 300 से अधिक कंपनियां यहां अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। लाइव डेमो के माध्यम से यह दिखाया जा रहा है कि एआई किस तरह रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर सकता है। यह केवल तकनीकी प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भविष्य की झलक है। इस समिट में वैश्विक स्तर की बड़ी हस्तियों की मौजूदगी भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भागीदारी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय महत्व देती है। वहीं, तकनीकी जगत की चर्चित हस्तियां सैम ऑल्टमैन, सुंदर पिचाई, एलेक्जेंडर वांग, डारियो आमोदेई और क्रिस्टियानो आमोन इस बात का संकेत हैं कि एआई अब वैश्विक सहयोग और प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन चुका है। भारत से भी उद्योग जगत के दिग्गज जैसे मुकेश अंबानी, एन. चंद्रशेखरन और सलील पारेख की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारतीय उद्योग एआई को भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा मान रहा है। समिट का मुख्य लक्ष्य कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को बढ़ाना है। यदि एआई का सही उपयोग हो तो किसान फसल की बेहतर योजना बना सकते हैं, डॉक्टर सटीक निदान कर सकते हैं और छात्र व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीक केवल उत्पादकता नहीं बढ़ाती, बल्कि अवसरों के नए द्वार भी खोलती है। आसान कार्यों के लिए यदि हर बार एआई का सहारा लिया जाएगा, तो बुनियादी कौशल कमजोर पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि युवा एआई को प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि सहयोगी के रूप में देखें। तकनीकी दक्षता, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नैतिक समझ ये चार स्तंभ ही युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करेंगे। भारत पहले ही डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर चुका है। अब एआई के क्षेत्र में भी वह वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। डांसिंग रोबोट जैसे आकर्षक प्रदर्शन भले ही मनोरंजन का माध्यम लगें, पर इनके पीछे छिपी तकनीक यह संकेत देती है कि एआई आधारित रोबोट आने वाले समय में हमारे घरों, दफ्तरों और उद्योगों का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में युवाओं के लिए यह समय तैयारी का है, नई तकनीकों को समझने और उन्हें रचनात्मक रूप से अपनाने का है। आज की युवा पीढ़ी के सामने विकल्प साफ है या तो वे एआई के बदलावों से डरकर पीछे रह जाएं, या फिर उसे अपना साथी बनाकर आगे बढ़ें। एआई का दौर आ चुका है, अब तय युवाओं को करना है कि वे इसके दर्शक बनेंगे या निर्माता।

# शिक्षण संस्थानों में जातीय नफरत की बढ़ती खाई



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

आज जब पूरी दुनिया में धर्म, जाति, नस्ल और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठ रहा है तब भारत की राजनीति इसी पर केंद्रित है। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में इन दिनों जातीय कटुता का जहर घोला जा रहा है जिसमें सीधे तौर पर वोटबैंक की राजनीति है। यह आलम तब है जब टाइम्स हायर एजुकेशन के साल 2026 के रैंकिंग में दुनिया के शीर्षस्थ 100 यूनिवर्सिटीज़ में भारत का कोई भी यूनिवर्सिटी शामिल नहीं है। हम 'विकसित भारत -2047' का सपना देख रहे हैं जिसका सारा दारोमदार हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों पर निर्भर है। विचारणीय है कि उच्च शिक्षा संस्थान ज्ञान और अनुसंधान के केंद्र होते हैं जहां नवाचार और समावेशी विकास की बात होती है लेकिन हमारे शिक्षा संस्थानों में इन दिनों जातीय नफरत के नारे सुनाई पड़ रहे हैं। विडंबना है कि हमारे छात्र और युवा सदियों पुराने जातिवाद के झगड़े में उलझ रहे हैं इन परिस्थितियों में भारत कैसे विकसित होगा?

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 'यूजीसी' के 'इक्विटी रेगुलेशंस 2026' के समर्थन और विरोध में देश के विश्वविद्यालयों में जातीय वैमनस्यता की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। नये नियमों के खिलाफत और समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों को विभिन्न राजनीतिक दलों और जातीय संगठनों द्वारा भी खूब हवा दिया जा रहा है।सवर्ण जातियों के संगठन जहां इसे 'काला कानून' बताते हुए नियमों को वापस लेने के लिए सड़कों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए वहीं दलित, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संगठन नये नियमों को उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता का अवसर देने वाला बताकर इसे लागू करने की मांग पर अड़े हुए हैं।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट द्वारा नये रेगूलेशंस पर रोक लगाने और मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च निश्चित करने के बावजूद दोनों वर्गों के संगठनों द्वारा किए जा रहे भड़काऊ प्रदर्शनों से अनेक सवाल पैदा हो रहे हैं। सवाल यह कि सुप्रीम अदालत के नये नियमों पर रोक के बावजूद इसके पक्ष और विपक्ष में हो रहे प्रदर्शनों को सुप्रीम कोर्ट और सरकार पर बेजा दबाव की कोशिश नहीं माना जाना चाहिए? क्या यह अदालत की अवमानना नहीं है? यदि प्रदर्शनकारियों के मंसूबे यही है तो इस मुद्दे पर हो रहे सभी प्रदर्शनों पर सख्ती आवश्यक है। आखिरकार यह सरकार और सुप्रीम कोर्ट के साख के साथ ही देश के सामाजिक सौहार्द से जुड़ा मसला है। सियासी दलों और जातीय संगठनों से भी सवाल है कि शिक्षा के परिसरों में धर्म और जाति का जहर घोलकर देश को अराजकता के आग में झोंकना कितना उचित है? देश 1990 में मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू करने के बाद हुए हिंसा, आगजनी और आत्मदाह के दंश को नहीं भूला है।



सोशल मीडिया आज आम आदमी के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है जिससे सभी उम्र के लोग जुड़े हुए हैं। विडंबना है कि सोशल मीडिया जातीय नफरत की आग में लगातार घी डाल रहा है। सोशल मीडिया पर गौर करें तो इस मुद्दे पर यूजर्स के बीच लगातार टकराव बढ़ रहा है और लोगों के बीच मर्यादा की सीमा भी टूट रही है।सोशल मीडिया इस मुद्दे पर जिस तरह से आपत्तिजनक कंटेंट को बढ़ावा दे रहा है उससे इस माध्यम के जवाबदेही पर भी सवालिया निशान लग रहा है। इस बीच अहम सवाल यह भी कि विश्वविद्यालय कैंपस में बढ़ रहे इस जातीय तनाव पर सरकार और प्रशासन क्यों चुप्पी साधे हुए है?

गौरतलब है कि देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित समझे जाने वाले दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी 'जेएनयू' और दिल्ली यूनिवर्सिटी 'डीयू' इन प्रदर्शनों के केंद्र बने हुए हैं। इन संस्थानों में हो रहे प्रदर्शनों में राजनीतिक दलों के छात्र संगठनों की प्रमुख भूमिका है जिसके पीछे जातीय संगठनों की सहभागिता है। वामपंथी फ्रंट से जुड़े 'अईसा', 'एसएफआई', 'डीएसएफ', 'एआईएसएफ',समाजवादी, दलित, आदिवासी, ओबीसी और अंबेडकरवादी छात्र संगठन जहां यूजीसी नियमों को लागू करने पर अड़े हुए हैं वहीं दक्षिणपंथी छात्र संगठन 'एबीवीपी' उपरोक्त प्रदर्शनों के खिलाफ आवाज उठा रहा है। नये नियमों के पक्ष और विपक्ष में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के दौरान कैंपस में छात्रों के गुटों के बीच झड़पों की खबरें भी सामने आ रही है। इन विश्वविद्यालयों के स्टूडेंट्स यूनियन में वामपंथी छात्र संगठनों 'लेफ्ट यूनिटी' का कब्जा है जो यूजीसी नियम के समर्थन में सवर्ण जातियों को अपने निशाने पर ले रहे हैं। इस यूनिवर्सिटी के छात्र केवल कैंपस में ही नहीं बल्कि दिल्ली के जंतर-मंतर में भी यूजीसी के समर्थन में ब्राम्हण के साथ ही अन्य सवर्ण जातियों के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी कर रहे हैं फलस्वरूप छात्रों के गुटों के बीच झड़प और जातीय कटुता बढ़ती जा रही है। बीते दिनों दिल्ली यूनिवर्सिटी में वामपंथी छात्र संगठन 'आईसा' और भीम आर्मी के अगुवाई में हो रहे प्रदर्शन के दौरान सवाल पूछने वाले एक महिला यूट्यूबर के साथ प्रदर्शनकारियों ने बदसलूकी और हाथापाई कर दिया जिसके बाद कैंपस में तनाव बढ़ गया। 'एबीवीपी' के छात्र इस घटना के बाद महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के समर्थन में सामने आ गए फलस्वरूप दोनों संगठनों के छात्रों के बीच जमकर टकराव हो गया।

जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा 9 फरवरी 2026 को द्वारा 2001 के संसद हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी दिए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जहां प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर की आजादी को लेकर 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार' जैसे राष्ट्रविरोधी नारे लगाए गए। इस दौरान वामपंथी स्टूडेंट्स और एबीवीपी के छात्रों के बीच टकराव हुआ। बाद में इस मामले पर पुलिस कार्रवाई हुई तथा जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष कन्हैया कुमार सहित अनेक छात्रों की गिरफ्तारी हुई थी। मोदी सरकार के 'सीएए-एनआरसी' बिल के खिलाफ जेएनयू में आंदोलन हुआ था और इसी दौरान 5 मार्च 2020 को कुछ नकाबपोश लोगों द्वारा कैंपस में घुसकर शिक्षकों और छात्रों पर हमला किया गया। इसी साल 6 जनवरी को कैंपस में उक्त घटना की छठवीं बरसी पर यहां के स्टूडेंट्स यूनियन ने एक कार्यक्रम रखा था।

अलबत्ता यूजीसी के नये रेगुलेशन को लेकर केवल दिल्ली में ही घमासान नहीं मचा है बल्कि देश के अनेक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इस कानून के पक्ष और विपक्ष में छात्र संगठनों के बीच तनातनी मची हुई है।उत्तरप्रदेश के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय 'बीएचयू', इलाहाबाद, गोरखपुर यूनिवर्सिटी और लखनऊ यूनिवर्सिटी में भी यूजीसी कानून के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी और तनाव की खबरें हैं। लखनऊ यूनिवर्सिटी में 'समता संवर्धन मार्च' के दौरान वामपंथी, कांग्रेसी, समाजवादी, दलित और अंबेडकरवादी छात्र संगठनों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। 'बीएचयू' में भी यूजीसी कानून के पक्ष और विपक्ष में हो रहे प्रदर्शन के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच टकराव की खबरें हैं। इस विश्वविद्यालय के दीवारों पर भारत और ब्राह्मण विरोधी आपत्तिजनक नारे लिखे गए थे। इसी तरह गोरखपुर यूनिवर्सिटी में भी इस गाइडलाइंस के समर्थन और विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान कैंपस का माहौल गर्म हो गया है। इस यूनिवर्सिटी के कैंपस में भी सवर्ण समाज और नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के खिलाफ नारेबाजी हुई। यूजीसी के नये दिशा-निर्देश को लेकर राजस्थान, बिहार और झारखंड के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रदर्शन की खबरें हैं। अलबत्ता इन प्रदर्शनों पर गौर करें तो यूजीसी के नए इक्विटी नियम के खिलाफत करने वालों के निशाने पर केंद्र सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग था उन्होंने अपने प्रदर्शन के दौरान कभी भी एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के खिलाफ कोई भी टिप्पणी नहीं की। इसके इतर सुप्रीम कोर्ट द्वारा नये गाइडलाइंस पर रोक लगाने के बाद वामपंथी छात्र संगठनों के अगुवाई में हो रहे प्रदर्शनों में सीधे तौर पर ब्राह्मण, राजपूत, वैश्य सहित अन्य सवर्ण समाज के बारे में लगातार भड़काऊ और आपत्तिजनक नारेबाजी की जा रही जो अत्यंत चिंताजनक है। अलबत्ता देश के शिक्षण संस्थानों में छात्रों के साथ जातिगत, क्षेत्रवाद और लैंगिक आधार पर भेदभाव की खबरों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है। यूजीसी ने संसदीय समिति को सौंपे अपने रिपोर्ट में बताया है कि बीते पांच सालों के दौरान उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव में 118 फीसदी वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही नया विनियमन जारी किया गया था लेकिन अदालत ने इन नियमों को अस्पष्ट बताते हुए इसके दुरुपयोग की संभावना जताई है। चूंकि मामला सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में है लिहाजा इस रेगुलेशंस के समर्थन और विरोध में हो रहा प्रदर्शन किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इन परिस्थितियों में सभी वर्ग के छात्रों और छात्र संगठनों से अपेक्षा है कि वे देश के सामाजिक सौहार्द और समरसता के दृष्टिगत कोई भी ऐसा कदम न उठाएं जिससे शिक्षा परिसरों की मर्यादा और शुचिता पर आंच आए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

मुद्दा
डॉ. मोनिका शर्मा



# शादी के वादे और शोषण के जाल से सजग रहें महिलाएं

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने महिलाओं के लिए विवाह पूर्व शारीरिक संबंध बनाने को लेकर सजग रहने का प्रभावी संदेश का दिया। ज्ञात हो कि इस विषय पर सुप्रीम अदालत की रेखांकित करने योग्य टिप्पणियां एक 30 वर्षीय महिला की शिकायत से जुड़े मामले में आई हैं। मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से 2022 में आरोपी से मिली महिला के मुताबिक आरोपी ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने दिल्ली और फिर दुबई में कई बार उसके साथ संबंध बनाए। इतना ही नहीं, दुबई में उसकी बिना अनुमति के अंतरंग वीडियो भी बना लिए। विरोध करने पर वीडियो को उसे ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया और वायरल करने की धमकी भी दी। बाद में 2024 में आरोपी ने पंजाब में किसी दूसरी महिला से शादी कर ली। हालिया बरसों में कभी सहमति तो कभी बहकावे में आकर शारीरिक सबन्ध बनाने के बाद आरोप-प्रत्यारोप के मामले तेजी से बढ़े हैं। किशोरिया और युवतियां ही नहीं परिपक्व उम्र की महिलाएं जाने-अनजाने शारीरिक शोषण के इस जाल में फंस रही हैं। यह स्थिति आपराधिक आंकड़े बढ़ाने वाली ही नहीं, संबंधों में भरोसे के भाव को कमजोर करने वाली भी है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां हर आयु वर्ग की महिला के लिए अपने सम्मान को सहेजने और सुरक्षित रहने के दिशानिर्देशों के समान हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने से पहले लोगों को बहुत सावधानी बरतने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि 'शायद हम पुराने खयालात वाले हैं, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की कानूनी और सामाजिक रूप से अजनबी ही होते हैं। रिश्ते कितने भी गहरे क्यों न हों, शादी पक्की होने तक शारीरिक सम्बन्धों में जाना समझ से परे है। शादी से पहले किसी पर भी पूरी तरह भरोसा नहीं करना चाहिए। लोगों को बहुत सतर्क रहना चाहिए।' निस्संदेह, न्यायालय की टिप्पणियां महिलाओं को व्यावहारिक और जागरूक रहने का सन्देश देने वाली हैं। हालांकि, अब समाज में उदारवादी दृष्टिकोण बढ़ रहा है पर ऐसे संबंधों के परिणाम और उनसे जुड़े शारीरिक-मानसिक शोषण से बचने के लिए स्त्रियों को स्वयं भी सजग होना होगा। आज की महिलाएं घर और बाहर अपनी मौजूदगी दर्ज करवा रही हैं। हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। ऐसे में कोई भी पढ़ी-लिखी महिला ऐसे संबंधों के मामले में अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। कहना गलत नहीं होगा कि शोषण और धोखाधड़ी के ऐसे मामलों में झांसा देने की दलील भी उचित नहीं लगती। कानून ही नहीं, समाज और परिवार भी यह नहीं मानेगा कि शिक्षित-सजग महिला ने बहकावे में आकर संबंध बनाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भी महिला से पूछा कि 'आखिर दुबई तक इतनी दूर क्यों गईं? यह तो आपसी सहमति से हुआ लगता है। ऐसे मामलों में जहां शारीरिक संबंध दोनों की मर्जी से बनाए गए हों, वहां बलात्कार का केस चलाना और सजा देना ठीक नहीं लगता।' स्पष्ट है कि इस केस को लेकर न्यायालय का सार्थक संवाद और सवाल सब कुछ विचारणीय है। हमारे देश में अधिकतर कानूनी प्रावधान महिलाओं की सहायता के लिए ही बने हैं, लेकिन इन प्रावधानों का इस्तेमाल महिलाएं अपने ही निर्णय के नकारात्मक परिणाम से बचने के लिए नहीं कर सकतीं। चिंतनीय यह भी है कि तमाम आधुनिकताओं के बावजूद महिलाओं को लेकर लोगों की मानसिकता नहीं बदली है। स्त्रियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़े समाज के समक्ष सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। बावजूद इसके शादी के वादों-इरादों के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने के बाद आरोप लगाने के वाकये भी खूब हो रहे हैं। तकलीफदेह यह भी है कि इन मामलों से महिलाओं का ही पक्ष कमजोर होता है। खासकर किसी पढ़ी-लिखी महिला के साथ अगर ज़ोर-जबर्दस्ती नहीं की गई है तो उसे भी इन सबन्धों की जिम्मेदारी लेनी होगी। दायित्व का यह भाव किसी की बातों के भुलावे में आने से पहले ही होना चाहिए। शिक्षित और सशक्त होने के मायने यही हैं कि अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहा जाए। ऐसे धोखे या झांसे में ना आएं जो शोषण का शिकार बनाने का जाल हो। मौजूदा दौर में महिलाओं को अपने विचार और व्यवहार में इतनी समझ और जवाबदेही तो रखनी ही होगी।



(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन को अच्छी बातों से जोड़ें



संकलित
दर्शन

नए साल में संकल्प करने की परंपरा है। बहुत-से लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है और मन की कमजोरी दूर हो जाती है। बहुत-से लोग संकल्प तो करते हैं, परंतु उसे पूरा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जरूरी है कि हम अपने मन पर नियंत्रण करें। उसके गुलाम नहीं बने। यह कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है ईमानदारीपूर्वक निरंतर प्रयास करने की। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, परंतु अगर उसे ऊपर उठाना हो, तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही हमारे मन के लिए नीचे गिरना आसान और सहज है। मन को ऊंचा उठाना बहुत मुश्किल है। मन के लिए अच्छी बातों से जुड़ना बहुत मुश्किल है, उनको छोड़ देना सहज है।मन की आदतें ऐसी होती हैं कि उन्हीं आदतों में मन को सुविधा महसूस होने लगती है। हमारा मन कुछ आदतों को पाल लेता है और उन्हीं में खुश रहता है। अगर आप अपनी दिनचर्या में साधना को बढ़ाने का संकल्प करते हैं, तो उसको बिना किसी अटकाव के सालभर चलाते रहना बहुत जरूरी है। भूतकाल बीत चुका है, परंतु वर्तमान आपके हाथ में है, इसलिए आनेवाले कल में क्या होगा, यह आपके आज पर निर्भर करता है। अगर आप अपने आज को साधनापूर्ण, शांतिपूर्ण और सुंदर बना लोगे, तो निश्चित रूप से आपका कल भी वैसा ही होगा।


# माता-पिता और गुरु के ऋणों से कैसे मुक्त हों



संकलित
प्रेरणा

वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनके दर्शन के लिए लोगों की लाइनें लगी रहती हैं। भक्त महाराज जी का दर्शन करते ही हैं, साथ में उनसे सवाल भी पूछते हैं। ऐसे ही एक भक्त ने प्रेमानंद महाराज जी से सवाल पूछा कि इसी जन्म में माता-पिता और गुरु के ऋण से मुक्त होने के क्या उपाय है? ताकि सभी ऋण उतरने से और नाम जप के प्रभाव से दोबारा जन्म ना लेना पड़े। चलिए जानते हैं कि प्रेमानंद महाराज जी ने क्या जवाब दिया। महाराज जी कहते हैं कि नाम जप करते हुए जब हमारा भगवत साक्षात्कार हो जाता है। उन्होंने बताया कि एकादशी स्कंध में भागवत में लिखा हुआ है उद्धव जी को भगवान उपदेश करते हैं कि जिसको मेरी प्राप्ति हो जाती है, तो वह समस्त ऋणों से मुक्त हो जाता है। भगवान की प्राप्ति होते ही ऋषि ऋण, मातृ-पितृ, देव, गुरु ऋण सभी ऋणों से मुक्त हो जाता है। पर भगवान की प्राप्ति होनी चाहिए। प्रेमानंद महाराज जी कहते हैं कि भगवान की प्राप्ति का कलयुग में सहज और सरल उपाय है- नाम जप। तो नाम का आधार लेकर निरंतर नाम जप करें, तो भगवत प्राप्ति होगी। वो कहते हैं कि निरंतर नाम जप तभी होगा, जब हमारा आहार पवित्र होगा, हमारे आचरण ठीक होंगे। आचरण गलत हो, नाम गलत हो तो नाम घसीटने पर भी नहीं चलता, मन नहीं लगता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके निःशुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-विजय साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### एआई में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने की क्षमता


कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने और चिकित्सक-रोगी संबंधों को मजबूत करने की क्षमता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा कि भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव के लिए एआई का विस्तार: सार्वजनिक-निजी भागीदारी विषय पर आयोजित उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा में श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य प्रणाली राष्ट्रीय स्तर पर अंतर-संचालनीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हुई है। एक प्रमुख भागीदार मंत्रालय के रूप में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा, प्रमुख पहल की शुरुआत और अपने समर्पित प्रदर्शनी स्टॉल पर एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा समाधानों के प्रदर्शन के माध्यम से शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली पिछले एक दशक में रिकॉर्ड के बुनियादी डिजिटलीकरण और बेहतर डेटा रिपोर्टिंग से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अंतरसंचालनीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण तक विकसित हुई है।




## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं भ्रम में कुछ प्रजातियां

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।



## ट्रेंड


### एआई का उपयोग



भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग सोच रखते हैं। शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा परस्पर जुड़े हुए हैं। मैं अपने युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे एआई का उपयोग शिक्षा देने, इसे अपनाने, सशक्त बनाने और ऐसे अभूतपूर्व पहल करने के लिए करें जो भारत को एआई क्षेत्र में एक सशक्त शक्ति के रूप में स्थापित करें।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### अस्पतालों की उपेक्षा



भाजपा सरकार ने सपा काल में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित के आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### नशा मुक्त पंजाब



पंजाब में पिछले एक साल में 2000 किलो से ज़्यादा नशा बरामद, बड़े तस्कर जेल में और अवैध संपत्तियों पर बुलडोज़र चला है। आम आदमी पार्टी सरकार का साफ़संदेश है, पंजाब में नशा तस्कर नहीं बचेंगे। नशा मुक्त पंजाब बनाकर ही दम लेंगे।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### एआई की दुनिया



एआई की दुनिया में नए सीईओ का आगमन हो चुका है। हर कोई संभावित रूप से सीईओ है... और कोई भी सीईओ नहीं है। एआई की दुनिया में शीर्ष-स्तरीय संगठन व्यवस्था समाप्त हो चुकी है।

- शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## जम्मू कश्मीर में 14 टूरिस्ट डेस्टिनेशन खुले, पहुंचे टूरिस्ट

**बडगाम।** जम्मू कश्मीर में 14 टूरिस्ट डेस्टिनेशन, जो पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद कर दिए गए थे, उसे खोल दिया गया है। फरवरी में कई पर्यटक कश्मीर पहुंचे और वादियों में बर्फबारी का आनंद लिया। वहीं बडगाम के दूधपथरी इलाके में टूरिस्ट बर्फ से खेलते हुए। सुरक्षाकर्मी इस दौरान तैनात किए गए।







## खबर संक्षेप

### भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए महत्वपूर्ण

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि



अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है।

### होर्मुज जलडमरुमध्य में ईरान ने दागीं मिसाइलें

**जेनेवा।** ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य की ओर मिसाइलें



दागने का अभ्यास शुरू कर दिया है। अर्धसैनिक बल 'रेवोल्यूशनरी गार्ड' की करीबी मानी जाने वाली 'तसनीम' अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने अपनी खबर में कहा कि ईरानी भूमि, तटों और द्वीपों से दागी गई मिसाइलों ने होर्मुज जलडमरुमध्य में अपने लक्ष्यों को सटीक रूप से निशाना बनाया।

### 4 से 8 मार्च तक असम विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा

# भाजपा-कांग्रेस ने की निर्वाचन आयोग से अपील, बिहू पर्व के आसपास हो वोटिंग

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम विधानसभा के चुनाव अप्रैल के पहले हफ्ते में हो सकते हैं। चुनाव आयोग इसका ऐलान अगले महीने 4 से 8 मार्च के बीच कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी 126 सीटों के लिए एक या अधिकतम दो फेज में वोटिंग होने की संभावना है। मंगलवार को भाजपा, कांग्रेस सहित राज्य की छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग के साथ बैठक में इसकी मांग रखी है। पार्टियों ने चुनाव की तारीख बिहू त्योहार के आसपास रखने की अपील की है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वोटिंग कर सके।




**दो चरणों में हो असम चुनाव**

असम के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव एक या अधिकतम दो चरणों में कराने की मांग की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए असम के दौरे पर है। उनके साथ निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। आयोग ने असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। राष्ट्रीय दलों में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, माक्सर्वादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस शामिल रहें।

**चुनाव मार्च-अप्रैल में होने की संभावना**

*अधिकांश राजनीतिक दलों ने चुनाव एक ही चरण में या अधिकतम दो चरणों में कराने की मांग की। साथ ही, उन्होंने आयोग से आग्रह किया कि चुनाव कार्यक्रम तय करते समय बिहू पर्व का ध्यान रखा जाए। दलों ने असम में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की सराहना की। उन्होंने राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुझाव भी दिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्त अपने दौरे के अंतिम दिन 18 फरवरी को मीडिया को संबोधित करेंगे। असम के 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 20 मई को समाप्त हो रहा है।*

### राज्य के अनुसार कई चरणों में भी हो सकता है मतदान

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम मार्च के मध्य में घोषित कर सकता है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इन चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदान अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव आयोग सभी पांच विधानसभाओं के चुनाव की तारीखें मार्च के मध्य में एक साथ घोषित करने की योजना बना रहा है। हालांकि, मतदान राज्य के अनुसार कई चरणों में भी हो सकता है।

### पांच विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में होगा समाप्त

पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। पुडुचेरी विधानसभा का कार्यकाल 15 जून को समाप्त हो रहा है, जबकि असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 20 मई, 23 मई, 10 मई और 7 मई को समाप्त होगा। चुनाव आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और तैयारियों का जायजा लेने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा कर रहा है। चुनाव आयोग की एक टीम वर्तमान में असम में चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर रही है।

**पश्चिम बंगाल में हुआ था आठ चरणों में मतदान :** पिछले विधानसभा चुनावों में, पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में मतदान हुआ था, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक था। असम में दो चरणों में मतदान हुआ, जबकि तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक-एक चरण में चुनाव हुए थे। तैयारियों के तहत, मतदाता सूचियों के संशोधन के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जा रही है।

# आदिवासी गांव में लगे होर्डिंग्स के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी के पास जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज**



सुप्रीम कोर्ट ने आज छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें ग्राम सभा द्वारा गांव के प्रवेश द्वारों पर लगाए गए ऐसे होर्डिंग/सूचना बोर्ड को सही ठहराया गया था, जिनमें ईसाई पादरियों और धर्मांतरण कर चुके ईसाइयों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले के पैरा 34 का उल्लेख किया, जिसमें याचिकाकर्ता को सक्षम प्राधिकारी (ग्राम सभा) के समक्ष उपाय अपनाने की स्वतंत्रता दी गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस (याचिकाकर्ता की ओर से) और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

**याचिकाकर्ता का पक्षः** सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंसाल्वेस ने पादरियों और धर्मांतरित ईसाइयों के प्रवेश पर रोक को असंवैधानिक नहीं माना, जबकि मिशनरी गतिविधियों पर बिना पर्याप्त सामग्री के टिप्पणी की गई। उन्होंने अदालत को बताया कि देश में प्रार्थना सभाओं के दौरान पादरियों पर कथित हमलों से जुड़े मामले लंबित हैं। धर्मांतरित आदिवासियों को गांव में दफनाने की अनुमति नहीं दी गई। कुछ मामलों में कब्र से शव निकालकर अन्य स्थान पर दफनाने की नौबत आई। उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले दस वर्षों में छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण से जुड़े मामलों में एक भी दोषसिद्धि नहीं हुई है।

**सॉलिसिटर व ग्राम सभा ने रखा अपना पक्ष**

*इस मामले में पैरवी करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट में याचिका सीमित मुद्दों पर दायर की गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट में कई नए तथ्य और आयाम जोड़े गए हैं। इसलिए याचिकाकर्ता पुनः हाईकोर्ट का रुख कर सकता है। वहीं ग्राम सभा का तर्क है कि ग्राम सभा ने यह कदम गांववासियों के जबरन या लालच देकर धर्म परिवर्तन को रोकने के उद्देश्य से उठाया है।*

# सपनों की उड़ानः 78 वर्षीय महिला बनीं एमए गोल्ड मेडलिस्ट

**इंदौर।** जब हौसला बुलंद हो, तो उम्र महज एक आंकड़ा बनकर रह जाती है। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में सबकी निगाहें 78 वर्षीय सुषमा मोघे पर टिकी थीं, जिन्हें राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने मराठी साहित्य (एमए) में टॉप करने पर गोल्ड मेडल से नवाजा। मोघे ने बताया, मुझे नहीं पता था कि मैं इस उम्र में मराठी में एमए कर सकती हूं। जब मुझे इसके बारे में पता चला, तो मैंने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। मोघे के लिए इस प्रोग्राम में एडमिशन लेना सिर्फ डिग्री हासिल करने से कहीं ज्यादा था। रिटायरमेंट ने उनकी जिंदगी में एक खालीपन छोड़ दिया था और पढ़ाई में लौटने से उन्हें नया मकसद और दिशा मिली।

### साहित्य से रहा जुड़ाव

गोल्ड मेडलिस्ट सुषमा ने अपने टीचर्स का बहुत शुक्रिया अदा करते हुए कहा, उन्होंने मेरा पूरा सपोर्ट किया और मुझे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से पढ़ाया। मराठी, उनकी मातृभाषा, हमेशा उनके दिल के करीब रही है। मोघे अब जाने-माने हिंदी लेखकों की रचनाओं का मराठी में अनुवाद कर रही हैं और क्लासरूम के बाहर भी साहित्य से अपना जुड़ाव जारी रखे हुए हैं। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. राकेश सिंघई ने उनकी इस कामयाबी को इंस्टीट्यूशन के लिए गर्व की बात बताया।

**डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी**

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृपया यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

**आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।**

Dr. Ortho
ORTHOPAEDIC MATTRESS
सम्पर्क करें
8264822252
Email: info@drorthooil.com • Website : www.drorthooil.com




### आईएस से संबद्ध महिलाओं-बच्चों को वापस नहीं लाएगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनकी सरकार इस्लामिक स्टेट (आईएस) से कथित रूप से संबद्ध 34 महिलाओं और बच्चों को सीरिया से स्वदेश वापस नहीं लाएगी। कुल 11 परिवारों की इन महिलाओं और बच्चों को सीरिया से ऑस्ट्रेलिया लाया जाना था, लेकिन अधिकारियों के अनुसार प्रक्रियागत समस्याओं के कारण सोमवार को सीरियाई प्राधिकारियों ने उन्हें 'रोज़ निरूद्ध केंद्र' से लौटा दिया। आईएस के 2019 में पतन के बाद से सीरियाई शिविरों से सरकारी मदद से केवल दो समूहों को ही ऑस्ट्रेलिया वापस लाया गया है।

### अमेरिका के आइस एरिना में फायरिंग, तीन की मौत, तीन गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पावकेट स्थित एक आइस एरीना में हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, मृतकों में हमलावर भी शामिल है, जिसने घटना के बाद खुद को गोली मार ली। यह घटना डेनिस एम. लिंच एरिना में हुई, जहां कई स्कूलों के छात्रों की भागीदारी वाला हॉकी कार्यक्रम चल रहा था। उस समय एरीना में बड़ी संख्या में छात्र और उनके अभिभावक मौजूद थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि हमलावर ने संभवतः अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया।





# गांडा जाति में प्रचलित सामाजिक व्यवस्था

जनजाति विशेष
कुसुमलता सिंह

संपूर्ण भारत की तरह जातियों जनजातियों में भी परिवार पुरुष प्रधान होते हैं, इसी तरह गांडा जाति में परिवार पितृसत्तात्मक होते हैं। परिवार की जिम्मेदारी घर के उम्रदराज व्यक्ति की होती है। पुरुष और स्त्री समान रूप से कार्य करते हैं। इस जाति के पुरुष वर्ग जहां वैद्यकीय कार्य, ग्राम चौकीदार, वादन कार्य, बुनकरी कार्य और कोटवारी सहित कृषि व पशु चारण का कार्य करते हैं वहीं स्त्रियों द्वारा चित्रकारी, कृषि और मजदूरी का कार्य कर घर में आर्थिक सहयोग प्रदान करती हैं। इस जनजाति को उनके कार्यों के आधार पर ख्याति



और उपलब्धियां प्राप्त हुई। राजाओं द्वारा इस जनजाति को मुख्य संरक्षण देते हुए उन्हें कार्यभार सौंपे गए, जिसमें एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेशवाहक का कार्य देते हुए ग्राम का पहरेदार नियुक्त किया गया था, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी चली आ रही है। जिन्हें हम वर्तमान में कोटवार के रूप में जानते हैं। कला संस्कृति में भी इस जनजाति की अहम भूमिका है। राजाओं के काल में शुभ कार्य गांडा जाति के लोगों के वाद्य यंत्र वादन के साथ शुरू की जाती थी, जो वाद्य वादक वर्तमान में गड़वा बाजा के नाम से जाना जाता है। साथ ही छत्तीसगढ़ में निवासरत इस जनजाति के सदस्यों को ग्राम पहरेदार के रूप में नियुक्त किया गया।

कला जगत
डा. विजय चौरसिया

## गीत और नृत्य के दौरान झड़प होते हैं झरपट नृत्य में



छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में झरपट या झड़प नृत्य की प्रस्तुति होती है। इसे सामान्य नृत्य का विस्तृत रूप माना जाता है। इस नृत्य के समय गीतों के माध्यम से सवाल जवाब होते हैं। दोनों दल जो नृत्य के दौरान आमने सामने होते हैं एक दल दूसरे दल को निरुत्तर करने की कोशिश करते हैं। दोनों दल में गीत और नृत्य के माध्यम से खूब झरपट होती है। इसमें नृत्य गायक एक छोटे झुंड के रूप में न खड़े होकर लड़कियों की ओर मुंह कर एक कतार में एक दूसरे का हाथ पकड़ कर खड़े होते हैं। नृतकों की नृत्य गति सरल होती है जिसमें पहले बायां पैर उठा कर दाईं ओर रखा जाता है फिर दाएं पैर को उठा कर बाई ओर रखा जाता है और नृत्य करते समय नर्तक नर्तकियां की कतार सामान्यतः कमर से आगे की ओर झुकी रहती हैं। बीच बीच में वे एकदम खड़े हो जाते हैं। यह युवक युवतियों का नृत्य गीत है जो रात भर चलता है। किसी भी उत्सव या उल्लास हेतु इस नृत्य का आयोजन किया जाता है।

लोक साहित्य
डा. रमेश टण्डन

## अंचल में गाए जाने वाले लघु गीत



छत्तीसगढ़ अंचल में संस्कार गीत के अंतर्गत जन्म, मृत्यु, विवाह और मुंडन के गाए जाने वाले गीत लघु गीत के अंतर्गत आते हैं। इसके साथ ही विवाह संस्कार के अंतर्गत चूलमाटी, तेलचघी, बारात स्वागत, नहडोरी, समधी भेंट, भांवर और बिदाई गीत भी लघु गीत के भाग होते हैं। ऋतु गीत में सवनाही, फागगीत, बारह मासी गीत गाए जाते हैं। उपवास गीतों में राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा, पार्वती, कुल देवता, हरितालिका, कमरछठ, बहुलाचौथ, ग्राम देवता आदि के लिए गीत गाए जाते हैं। इसी तरह खेती किसानी के समय गाए जाने वाले गीत, देश प्रेम से संबंधित गीत, हास्य और शांत रस के गीत भी लघु गीत के अंतर्गत आते हैं। इस तरह समय समय पर गाए जाने वाले गीत लघु गीत होते हैं।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

पुरातात्विक
डॉ. टी आर रामटेके

# अनेक प्रमाण दफन हैं करकाभाट में





छत्तीसगढ़ में बालोद जिले में बालोद धमतरी राजमार्ग में करहीभदर ग्राम के समीप करकाभाट में महापाषाण काल सभ्यता के प्राचीन 500 मानव कब्रों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इन कब्रों के ऊपर चुंबक की तरह चिपके विशाल शिलाखंड स्थित है। प्रत्येक कब्र की लंबाई उत्तर दक्षिण और चौड़ाई पूर्व पश्चिम दिशा की ओर है। कहीं कहीं पर दो कब्रों के मिलने पर पति पत्नी का अनुमान लगाया जाता है। यह सभी ऐसे अंश पर हैं जहां से होकर चुंबकीय उत्तर दक्षिण रेखाएं गुजरती हैं। पत्थरों के रखने अथवा जमाने के तरीके, उनके झुकाव, दिशा और डिग्री से उस कब्र के व्यक्ति के परलोक गमन की तिथि एवं समय ज्ञात होता है। इन अंडाकार कब्रों के मध्य रखे छोटे छोटे पत्थरों के समूह हैं जो गोल घेरे में हैं। यहां पूजन सामग्री रखने का स्थान भी निर्धारित है। कहीं कहीं शिलाखंड लेटी हुई अवस्था में है, ऐसे कब्रों का आकार भी भिन्नता लिए हुए मछली सदृश है। महापाषाण काल में इस स्थान से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ की तराई में आदि मानव समूह के आवास स्थल गुफाओं के रूप में विद्यमान हैं। करकाभाट स्थित कब्रें आदि मानव समूह द्वारा मृत्यु पश्चात अंतिम संस्कार की तिथि को प्रकट करती इन समाधियों में अंतिम संस्कार के समय प्रयुक्त विभिन्न सामग्री रखी गई हैं, जिनमें पाषाणकालीन लौह शास्त्रों के अवशेष, विभिन्न हथियार, मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े, प्रस्तर शस्त्रों के टूटे खंड, तांबे की चूड़ियां, पत्थरों से तराशे गए आभूषण, कोयले के टुकड़े, स्वर्ण मुद्राएं, शवदाह क्रिया के अनुष्ठान हेतु निर्मित झोपड़ी भी इन कब्रों से प्राप्त हुई हैं।

### 5,000 से अधिक कब्रें

करकाभाट के आस-पास (करहीभदर, चिरचारी, सोरर, धनोरा, आदि) महापाषाण कालीन 5,000 से अधिक कब्रें दफन हैं, जो लगभग 3,500 साल पुरानी मानी जाती हैं।

### पुरातात्विक खोजें

1990 के दशक में की गई खुदाई में यहां से प्राचीन काल के कलश, सोने के सिक्के, लोहे के औजार (जैसे- भाले, तीर, गंडासा) और अन्य कीमती वस्तुएं मिली हैं, जो इस क्षेत्र के समृद्ध अतीत को दर्शाती हैं।

### अनोखी दफन परंपरा

यहाँ के पत्थरों को शंकुधारी, तिरछा और मछली की पूंछ जैसे आकारों में पाया गया है, जो काफी दुर्लभ हैं।

आस्था: डा. डी पी देशमुख

# देश का एकमात्र लांगुरवीर मंदिर दुर्ग में



शनिचरी बाजार दुर्ग का प्राचीन एवं ऐतिहासिक लांगुरवीर मंदिर देश का एकमात्र मंदिर है जो देवीभक्त लांगुरवीर को समर्पित है। वैसे तो इसके बारे में बहुत अधिक जानकारी नहीं मिलती,लेकिन शासकीय गजेटियर में इसका उल्लेख जरूर मिलता है। पूरे विश्व में दो ही स्थानों में इसके होने की जानकारी मिलती है।एक छत्तीसगढ़ के दुर्ग शहर के शनीचरी बाजार में एवं दूसरा नेपाल की राजधानी काठमांडु में भगवान लांगुरवीर का मंदिर है।लांगुरवीर को माता दुर्गा का परम भक्त एवं रक्षक माना जाता है। मान्यता है कि माता की सवारी निकलते समय आगे-आगे लांगुरवीर और पीछे भैरव बाबा रक्षक के रूप में हमेशा साथ रहते हैं। दुर्ग शहर में स्थित लांगुरवीर मंदिर 100 साल से अधिक पुराना है। साल भर श्रद्धालु दर्शन के लिए यहां पहुंचते है,श्रद्धालु लांगुरवीर को सिंधुर,चोला, ध्वजा, प्रसाद, फूल, माला, दीप, धूप का चढ़ावा करते हैं।चैत्र और क्वांर नवरात्रि में नौ दिनों तक पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की जाती है,इस दौरान भक्तजन बड़ी संख्या में यहाँ आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। लांगुरवीर के बारे में लोक मान्यता है कि वे देवी के भक्त हैं, देवी दर्शन के पूर्व उनके दर्शन के बिना देवी दर्शन को अधूरा माना जाता है। देवी के मंदिर के द्वार पर एक ओर देवी के सेवक के रूप में हाथ में ध्वजा लेकर लांगुरवीर की मूर्ति तो दूसरी ओर भैरव बाबा की मूर्ति अंकित रहती है। नवरात्रि के अवसर पर कन्याभोज,एक बालक याने लांगुरवीर के बिना अपूर्ण माना जाता है। इसे हनुमान जी के बाल स्वरूप अर्थात बाल हनुमान के रूप में भी मान्यता है।

सुरता
डा. महेशचंद्र शर्मा

## सांस्कृतिक संवाहक के रूप में जाने गए : मुकुंद माधव

हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी के साथ अनेक भाषाओं में समान अधिकार रखने वाले प. माधव प्रसाद तिवारी साहित्य जगत में ' ' मुकुंद माधव ' के नाम से प्रसिद्ध हुए। पेशे से वकील लेकिन लेखन में विशेष अभिरुचि



सम्पन्न प. माधव प्रसाद तिवारी जी का जन्म पिता प. बोधी प्रसाद तिवारी और माता श्रीमती देवी तिवारी के घर ग्राम पौता रायपुर में 1899 को हुआ। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में आपका अध्ययन हुआ। सुविख्यात साहित्यकार आचार्य प. नन्द दुलारे बाजपेई आपके सहपाठी थे। अपनी विशिष्ट प्रतिभा के कारण आप मदन मोहन मालवीय जी के संपर्क में आए। आप आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग के साहित्यकार थे। संस्कृत के महान गीतकार जयदेव की अमर कृति गीत गोविन्द का आपने हिन्दी में अनुवाद किया। मूल कविता के लालित्य को अक्षुण्ण रखने का पूरा प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में गीत गोविन्द पर आधारित यह तीसरी रचना है। प. चिरंजीव दास और उनके पूर्व भी बाबू रेवाराम इस विषय पर मार्ग प्रशस्त कर चुके हैं। महात्मा गांधी जी से अत्यंत प्रभावित मुकुंद माधव जी की एक अन्य रचना ' अपरिग्रह बनाम राजलक्ष्मी ' इसमें दो सर्ग एवं कुल 127 पद हैं। रायपुर में महात्मा गांधी जी का दो बार आगमन हुआ। उनके स्वागत में 1933 में प्रस्तुत स्वागत गीत की यह पंक्तियां काफी लोकप्रिय हुई _

पधारो हे.... शबरी के राम, हमारा सविनय तुम्हें प्रणाम।
हे... अखंड सेना व्रतधारी हरिजन बंधु अकाम,
नवजीवन की ज्योति जगाते, आए जग अभिराम...।

01 मई 1975 को रायपुर में इस नश्वर काया को छोड़ गए।

ऐतिहासिक: किशोर कुमार अग्रवाल

# छत्तीसगढ़ के इतिहास में राजनीतिक जागरण का कालखंड

छत्तीसगढ़ में राजनीतिक जागरण के प्रणेता माधव राव सप्रे ने 1907 में नागपुर से हिन्द केसरी साप्ताहिक पत्र प्रकाशित करना प्रारंभ कर दिया। इस पत्र की विशेषता तिलक के केसरी पत्र का हिन्दी में अनुवाद करना था। इस पत्र का संपादन कर माधव राव सप्रे ने विशेषतः उत्तर भारत के नवयुवक मंडलों में ओजस्विनी देश भक्ति को जागृत करने का अदभुत कार्य किया था। स्वाभाविक था कि ऐसे पत्र का संपादन कर माधव राव सप्रे अंग्रेज सरकार के कोपभाजन बने तथा 31 अगस्त 1908 को उन्हें राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके बाद भी यह पत्र कुछ माह तक चलता रहा, परंतु सरकार द्वारा कठोर रवैए के कारण इसे 1909 में बंद करना पड़ा। इसी समय छत्तीसगढ़ में राजनीतिक जागरण के उद्देश्य से पुस्तकालयों की स्थापना हो रहा था। 1909 में राजनांदगांव में सरस्वती पुस्तकालय तथा रायपुर में आनंद समाज पुस्तकालय की स्थापना हुई, जो तत्कालीन राजनीतिक गतिविधियों के प्रमुख केन्द्र रहे। कर्जन की साम्राज्यवादी नीति, आर्थिक राष्ट्रवाद, गरम दल का कांग्रेस में बढ़ता प्रभाव तथा स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलनों ने इस क्षेत्र के जन मानस को पूरी तरह से प्रभावित किया। वास्तव में इन वर्षों में इस क्षेत्र में राजनीतिक तथा संवैधानिक विकास के मार्ग में काफी उन्नति हुई। इस प्रकार 1901 से 1909 का काल खंड जहां एक ओर देश के इतिहास में राजनीतिक जागरण का था, छत्तीसगढ़ के लिए विशेष रूप से राजनीतिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।





# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style

# मोना
## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।



हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।




# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।



## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन ?

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलेंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलेंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं।

# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं।




सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग,
'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था। इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज़ मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा।



## अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू में अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY PROJECT CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
**Telephone no. 0771-4030164, E-Mail-se.circlepmgsy@gmail.com**

NIT No 222/161/Tech-2/CGRRDA/2026 Raipur Dated 16/02/2026

Superintending Engineer, Project Circle Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites bids in electronic tendering system for. Repair & Maintenance of Building work, sanctioned for Raipur district of the state, from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs, i/c 18% GST) | Rate invited |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 222 | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कार्य निमोरा हेतु जोनल निविदा | Total cost-40.00 | Percentage Rate SOR for Building Work 2015 PWD (2nd Call) |

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on or after 19/02/2026. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle, Raipur, (C.G.)
E-mail: se.circlepmgsy@gmail.com, Ph: 0771-4030164

S-46928/1

**कार्यालय कलेक्टर, जिला - कोण्डागांव (आदिवासी विकास शाखा)**

क्रमांक / 4685 / आ.वि. / निर्माण / 2025-26 कोण्डागांव, दिनांक 13/02/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**(द्वितीय सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला कोण्डागांव के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस. ओ. आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

ई-टेंडरिंग हेतु निर्धारित तिथि निम्नानुसार होगी:-
1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 16.02.2026
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 02.03.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक
3. निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 06.03.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 09.03.2026 पूर्वानह 11.00 बजे से
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य - प्रत्येक कार्य हेतु रूपये - 750/-
6. कार्य पूर्णता की अवधि (प्रति कार्य) - 06 माह
7. ठेकेदार की श्रेणी - द वर्ग या अधिक

| एन.आई.टी.क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 4676 | 185662 | कन्या आश्रम शाला माकड़ी, वि.ख. माकड़ी में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4677 | 185663 | बालक आश्रम शाला अमरावती, वि.ख. माकड़ी में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4678 | 185664 | कन्या आश्रम शाला काटागांव, वि.ख. माकड़ी में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4679 | 185665 | कन्या आ. शाला होनावण्डी, वि.ख. बड़ेराजपुर में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4680 | 185666 | प्री मैट्रिक बा. छात्रावास धनोरा, वि.ख. केशकाल में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4681 | 185667 | प्री मैट्रिक बालक छा. बीजापुर, वि.ख. माकड़ी में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4682 | 185668 | प्री मैट्रिक बालक छा. शामपुर, वि.ख. माकड़ी में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4683 | 185669 | प्री मैट्रिक बालक छा. लंजोड़ा, वि.ख. फरसगांव में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |
| 4684 | 185670 | प्री मैट्रिक कन्या छा. लंजोड़ा, वि.ख. फरसगांव में क्लासरूम निर्माण कार्य। | 19.39840 | 14,549 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट - https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त, (आदिवासी विकास, कोण्डागांव

G-252606737/2

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

**चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञापन क्रमांक - 101

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर में स्ववित्तीय सामान्य आवास योजनांतर्गत नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-12 फेस-II अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्रस्तावित 05 नग सीनियर एच.आई.जी. 19 नग जुनियर एच.आई.जी. (ए). 186 नग सीनियर एम.आई.जी. 62 नग जुनियर एम.आई.जी-I, 76 नग जुनियर एम. आई.जी. कुल 348 नग स्वतंत्र भवनों का निर्माण, ट्रांजिस्ट हॉस्टल (जी+2). 28.04 हेक्ट (69.30 एकड़) भूमि पर बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण एवं 11.82 हेक्ट (29.30 एकड़) भूमि का विकास कार्य हेतु "प्रपत्र-अ" प्रतिशत दर में प्री-क्वालीफिकेशन आधार पर एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत वर्ग 'अ' श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा संबंधी अन्य जानकारी मण्डल वेबसाईड www.cghb.gov.in एवं कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 9424209041 पर संपर्क करें।

S-46931/1 कार्यपालन अभियंता

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA**
**E-Procurement Tender Notice (1rs Call)**
**UDD Portal: http:/eproc.cgstate.gov.in**

**SYSTEM TENDER NO. 185772/NIT NO. 1356/ BARAMKELA**
NIT NO/1358/PWD/N.P. BARAMKELA, DATE 17.02.2026

| S. No. | System Tender No. | Name of Work / Description of Work | Probable Amount of contract (lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 185772 | For the year 2026-27 Placement Employees at Nagar Panchayat BARAMKELA (for the office work water supply sanitation and drivers etc.) | 40.00 |

1) Amount of the Estimate: - Rs. 40.00 Lacs Time allowed for completion :12 Months (from date of agreement) The time period can be increased as per the requirement.
2) Earnest Money Deposit :- Rs 30000.00 (EMD) should be made if in favor of chief municipal officer Nagar Panchayat BARAMKELA and scanned copy of FDR should be attached and true FDR and affidavit should be posted to the office of chief municipal officer Nagar Panchayat BARAMKELA.

The Details can be viewed and Downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh E-Procurement Portal http:/eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of though Urban Administration and development Department http://uad.eproc. cgstate.gov.in for More Details On the Tender and Bidding Process you may Please Visit the Above - Mentioned portal last date of Bid Submition Date 11.03.2026 at 17:30 pm.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA (C.G.)

**कार्यालय नगर पंचायत प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
**Email -nagarpanchayatpratappur@gmail.com**

क्रमांक 208/न0प0/2025-26 प्रतापपुर दिनांक/16/02/2026

**ई- प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:- (http://eproc.cgstate.gov.in)**

नगर पंचायत प्रतापपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेन्डर न. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 185745 | नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्रांतर्न्तत मिनी स्टेडियम में हाई मास्क लाईट स्थापना। | 49.41 | Bid Due Date 09/03/2026 |

उपरोक्तानुसार कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा वि प्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत प्रतापपुर जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**Phone No. 07763-223344 cmonpjashpur@gmail.com**

क्रमांक/791/लो.नि./न.पा.प./2025-26 जशपुरनगर, दिनांक 16/02/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 185707 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Jashpur Nagar, Chhattisgarh (2nd Call) | 115.62 | 87.00 Eighty seven Thousand only) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Municipal Council, Jashpur Nagar | 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Municipal Council, Jashpur Nagar | Construction Period-06 months (Including rainy season +03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order | 10.03.2026 03:00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् जशपुरनगर

### सीएम साय ने सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

# मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में ढिलाई स्वीकार नहीं : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 17 फरवरी को प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक बैकुंठपुर जिला पंचायत के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में श्री साय ने सरगुजा संभाग के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नई योजनाओं को मंजूरी दी गई तथा विभिन्न चल रहे कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण के लिए 50 करोड़ रूपए के बजट प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर 543 विकास कार्यों के लिए 4905.58 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 606 कार्यों को भी औपचारिक अनुमोदन दिया गया।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 : प्राधिकरण के लिए 50 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान को दी गई स्वीकृति



## जनप्रतिनिधियों के सुझाव गंभीरता से लें

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सुझाव के साथ शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राप्त सुझाव और शिकायतों का परीक्षण करने तथा इसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की बात कही। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने वनांचल क्षेत्रों में विद्युतीकरण, हाथी-प्रभावित क्षेत्रों में हाथी-विचरण के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहने, हाथी से फसलों एवं संपत्ति को हुए नुकसान पर मुआवजा राशि बढ़ाने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अपूर्ण होने, जल स्त्रोत से पानी उपलब्ध कराने, ग्रामीण सड़कों में भारी वाहन संचालित होने से सड़क को नुकसान होने, लुंड्रा, बतौली, प्रतापपुर क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन बढ़ने के कारण गन्ना मिल प्रारंभ करने, मजदूरों के लंबित भुगतान करने, त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों को सुधारने के संबंध में सुझाव दिए।

## ये रहे मौजूद

इस दौरान जिले के कृषि एवं प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद चिंतामणी महराज, विधायक भईयालाल राजवाड़े, विधायकगण भूलन सिंह मरावी, प्रमोद मिंज, शकुंतला पोर्ते, बुद्धेश्वरी पैकरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव एस. बासव राजू, संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक झा, जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा, कलेक्टर कोरिया चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुर्रे, सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बीच शहर गन पाइंट पर सराफा व्यापारी से लूट, हथौड़ी से वार, कारतूस भी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर के राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर मंगलवार रात करीब 9 बजे सनसनीखेज वारदात हुई। अज्ञात बदमाशों ने सराफा कारोबारी संतोष तिवारी को रास्ते में रोककर बेरहमी से मारपीट की। सिर पर हथौड़ी से वार किया और उनकी रेनॉल्ट कार लूटकर फरार हो गए। घायल कारोबारी को प्रथम हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके और आसपास का सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है। साथ ही जिले के आसपास और पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है। वारदात के सीसीटीवी फूटेज में कैद होने की भी जानकारी मिल रही है जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

सरकंडा पुलिस के मुताबिक राजकिशोर नगर स्थित तुलसी आवास निवासी संतोष तिवारी की राजकिशोर नगर चौक पर ही महामाया ज्वेलर्स नाम से सराफा दुकान है। मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर अपनी रेनाल्ट कार (क्रमांक सीजी10 एएच 7707) से घर की ओर से जा रहे थे। राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड के पास दो गाड़ियों में अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोका। इससे पहले की श्री तिवारी कुछ समझ पाते अज्ञात लोगों ने कार का दरवाजा खोला और पिस्टल के बट और हथौड़ी से श्री तिवारी के सिर पर वार कर दिया। इससे श्री तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे पहले कि आसपास के लोग मौके पर पहुंचते आरोपियों ने श्री तिवारी को कार से निकालकर जमीन पर पटक दिया और उनकी कार लेकर फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल श्री तिवारी को प्रथम हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक आसपास के सीसीटीवी फूटेज खंगाली जा रही हैं साथ ही पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है।

## राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर हुई वारदात





### जिंदा कारतूस और मैगजीन मिली

पुलिस ने मौके की जांच की तो एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं जो चले नहीं थे। इसके बावजूद आसपास के लोगों में गोली चलने की अफवाह फैल गई। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या आरोपियों के पास हथियार था या सिर्फ डराने के लिए रखा गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना स्थल से पुलिस ने एक पैशन प्रो बाइक ( सीजी 10 पी 0331) और एक कार ( सीजी 10 बीजे 8147) बरामद की है, जिन्हें आरोपी छोड़कर भाग निकले हैं। इससे पुलिस को आशंका है कि वारदात में एक से अधिक वाहन और कई आरोपी शामिल थे।

### व्यापारी की कार में थे लाखों के जेवरात

प्राथमिक जानकारी के अनुसार लूटी गई कार में सोने-चांदी के आभूषण रखे होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। वारदात के पीछे लूट की साजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक व्यापारी के ठीक होने के बाद बयान लिया जाएगा। फिलहाल मौके पर सरकंडा पुलिस के साथ ही शहर भर के थाने के स्टाफ के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। शहर में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## ठगी के लिए किराए के खातों का हो रहा उपयोग

# 195 म्यूल खातों में 5.14 करोड़ से ज्यादा का किया ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रदेश भर में साइबर अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। नए-नए ट्रेंड रोज सामने आ रहें हैं। अब म्यूल खातों का इस्तेमाल जमकर हो रहा है। इससे अपराधी बैंक के खातों को किराए में लेकर ठगी के रकम का ट्रांसजेक्शन कर रहें हैं। सारे खातों के रिकॉर्ड 2025 में सामने आए हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। गृह मंत्रालय से 195 म्यूल खातों की डिटेल दुर्ग पुलिस को मिली थी। जब पुलिस ने इन खातों को खंगालाना शुरू किया तो इनमें करीब 5.12 करोड़ रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन मिले हैं।



पुलिस ने उक्त खातों को ऑपरेट करने वाले 85 आरोपियों की गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। इनमें बैंक अधिकारी भी शामिल हैं। म्यूल अकाउंट का पहला मामला मोहन नगर थाने में दर्ज हुआ था, जिसमें 111 खाते मिले थे। इन खातों में 1.12 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन पुलिस को मिला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उक्त ट्रांजेक्शन के सारे रकम महादेव सट्टा, हवाला और साइबर ठगी का है जो म्यूल खातों में टांजेक्शन किया गया है। जिसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।

**तीन थानों में म्यूल खाते के मामले सबसे ज्यादा :** पुलिस ने बताया कि दुर्ग जिले के तीन थाने ऐसे हैं, जहां म्यूल अकाउंट के सबसे ज्यादा मामले हैं। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में 111 खाते मिले हैं, जिसमें 4 खातों पर कार्रवाई हो चुकी है। 107 के खिलाफ जांच चल रही है। इसी प्रकार मोहन नगर थाना क्षेत्र में 111 का पता चला रहा ह, जिसमें 12 पर कार्रवाई की गई है। 99 के खिलाफ पतासाजी की जा रही है। सुपेला थाना क्षेत्र में 105 खातों में 10 पर कार्रवाई हुई है। 95 के बारे में पुलिस जांच कर रही है।

### म्यूल खातों पर है नजर

म्यूल खातों को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई करती आई है। जिले के सभी बैंक प्रबंधनों को चेताया गया है कि संदिग्ध रकम के ट्रांजेक्सन की जानकारी तुरंत पुलिस को दे। अब तक 85 को पकड़ा गया है। जिसमें दो बैंक अफसर भी शामिल है।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

# दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ गुहाननाला में हुआ हादसा, तीन गंभीर

दुगली थाना अंतर्गत गुहाननाला में दो बाइक में जबरदस्त टक्कर हुई। इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक नगरी ब्लॉक मुख्यालय से घर की ओर तेज रफ्तार से एक से अधिक लोगों के साथ जा रहा था । वहीं दूसरी मोटरसाइकिल में दो पुरुष सहित एक महिला सवार थी। इसमें चमेंदा निवासी पुनीत दास, महेश दास, फुलेश्वरी अपनी मौसी के यहां काठी कार्यक्रम शकरवारा से घर आ रहे थे। अपने गांव से 20 किलोमीटर दूर आए थे। पुनीत दास ने बताया कि वे नगरी ओर आ रहे थे। दोनों गाड़ियों में जबरदस्त टक्कर हुई । तेज रफ्तार डीलक्स गाड़ी से आ रहे युवक दिलीप नेताम पिता शिव कुमार उम्र 23 अपने गांव से कोलियारी जा रहा था। वह मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक सीजी 05 एच 4909 में सवार था। घटना में उसकी मौत हो गई। धमतरी से आ रहे व्यक्ति की मदद घायलों को नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के पुनीत दास, महेश दास, फुलेश्वरी के हाथ पैर में चोट आने के कारण धमतरी रेफर किया गया है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइए! पद – सिक्योरिटी गार्ड योग्यता – 5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा – रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन – 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन – नया रायपुर । रायपुर । रायगढ़ । **आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 9201958117, 9201958118.**(RO-6547)

### टेलीकॉलर

**Requirment-** Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : **9109165137, 7999611198, 9131205196;** Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए बैटरी ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए लोकल दुर्ग भिलाई घूमना है भिलाई वाले ही संपर्क करें लाइसेंस एवं स्मार्टफोन अनिवार्य कार्य लंबे समय के लिए **संपर्क 810 3933373.**(आरो नं.-223)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर स्कूल बस चलाने 25 ड्राइवरों की आवश्यकता हैं योग्यता - लायसेंस हैवी बैच, अनुभवी को प्राथमिकता वेतन - पांच अकों में **संपर्क - जय महामाया ट्रेवल्स, डुंडा D180 कमल विहार रायपुर मों - 9993944771, 9685545594.**(आरो-6676)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** गायत्री नगर, ?रायपुर? स्थित ऑफिसर को एक अनुभवी, नशामुक्त, ड्राइवर की। 10वी पास जरूरी। आसपास के ड्राइवर को प्राथमिकता। **संपर्क करें- 8349933320, सायं: 6 से 8 बजे तक।** (आरो-468)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के पैकिंग कार्य के लिए लड़की व लेडिस एवं लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क करें - जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 74699-80000, 0771-4075490.**(RO-6670)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु आठवीं /दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। कार्य समय 10 से 8 बजे तक इच्छुक दोपहर 1 बजे से शाम 7 तक **संपूर्ण बायोडाटा सहित संपर्क करें। शिल्पा सेल्स ए- 10 आरडीए कॉम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर** (आरो-7244)

**आवश्यकता है-** डिस्पोजल दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को एवं ई-रिक्शा चालक की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क- रूबी प्लास्टिक, बंजारी मंदिर के सामने, बंजारी चौक, गोलबाजार, रायपुर, मो. 9977220005, 8827300000** (RO-055)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** वाटर फिल्टर की की मार्केटिंग हेतु स्नातक युवक/युवतियों की आवश्यकता है। कार्य क्षेत्रः- कांकेर - 5 पद , केशकाल - 5 पद। संपर्क - प्रगति बायोटेक, रायपुर। **मो. 9300672838, 9981373887.**(आरो-6675)

### टीचर/कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** बेसिक कंप्यूटर सिखाने हेतु टीचर्स -2, एवं कम्प्यूटर आपरेटर -1 की जिसे स्वस्थ बीमा योजना की एंट्री करना आता हो, की आवश्यकता है रहने की सुविधा **संपर्कः- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 98271-24600.**(आरो-534)

क्लासीफाईड

### टीचर

**WANTED-** KRISHNA KIDS ACADEMY (ENGLISH MEDIUM SCHOOL) VRINDAVAN SOCIETY NEAR MA LAXMI MARRIAGE PALACE,UMDA ROAD ,UMDA WALK IN INTERVIEW TGT, (ENGLISH,MATHS AND SCIENCE) INTERVIEW DATE 21/02/2026 & 24/02/2026 TIME- 9:00 AM TO12 NOON CONTACT - **8962844559** (आरो -224)

**WANTED-** KRISHNA KIDS ACADEMY(ENGLISH MEDIUM SCHOOL) ASHISH NAGAR WEST, NEAR NAGAR NIGAM KE PICHE ROAD, RISALI-BHILAI, WALK IN INTERVIEW TGT MATHS & SCIENCE INTERVIEW DATE 26/02/2026 TIME - 9:00 AM TO 12 NOON CONTACT - **7987022154,8839678091, 9284867427** (आरो नं.-225)

### देखभाल

**आवश्यकता है-** कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू.10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। **चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ मो. नं. 7225888800.** (आरो-054)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** Sopy India Services को 18 से 40वर्ष की टेलीकॉलर लड़कियां, महिलाएं चाहिए। वेतन 11500 (पार्ट टाईम), 15500 (फुल टाईम), योग्यता 10वीं, वर्क फ्रॉम होम काम। **सम्पर्क करें- राहुल सर 7558393950** (आरो-39964)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### हेल्पर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कपड़ा दुकान में काम करने हेतु हेल्पर एंव अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है, मिलने का समयः दोपहर 3:00 से 6:00 बजे तक, चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर D- 29- 30, **प्रथम गेट, टेक्सटाइल मार्केट, पंडरी, रायपुर, संपर्कः 9425506658, 9424200658, 9977252503.**(RO-7268)

### ऑफिस कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित पार्किंग यार्ड और ऑफिस कार्य हेतु तथा ऑटोमैटिक /मैनुअल कार के लिए चालक । 25/30 साल के 12वीं पढ़ाई जरूरी । वेतन 10/12000+ योग्यतानुसार तथा सपरिवार रहने की सुविधा । काम चाहने वाले जरूरतमंद 8-12 तक कॉल करें । **7974100341, 9300352835.**(आरो-160)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-, 9165407080, 6261667355.** (आरो-529)

**आवश्यकता है-** जीएसटी अधिवक्ता ऑफिस हेतु 12वीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित **संपर्क करें, प्रभांक ठाकुर टैक्स अधिवक्ता A7 ओम परिसर दुर्ग फोन 9406 266622.** (आरो नं.-SPD/0942)

**शीघ्र आवश्यकता है-** बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क, 9981121036, 8269109014.**(आरो-326)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** माइलस्टोन हेल्थकेयर, अमलीडीह में दवाइयों की पैकिंग हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता (Fulltime/PartTime) वेतनः PartTime (6 घंटे) 4,000 – 4,400 । Fulltime (10 घंटे) 6,200–6,800। स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकताः अमलीडीह, राजेंद्र नगर, देवपुरी, लालपुर, संतोषी नगर **संपर्कः 8749003625 । कार्यालयः माधव एम्पायर, मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास, अमलीडीह, रायपुर** (आरो-4076)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** स्टाफ की जरूरत है न्यू राजेंद्र नगर, अमलीडीह में (मेल और फीमेल) दोनों की फुल पत्ती साफ, बॉटल में लेबल लगाने, पैकिंग करने हेतु। 5500 की सैलरी + योग्यतानुसार समय 11 से 6 तक **संपर्क करें 9479122124.**(आरो-222)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** 10वीं पास ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। स्वयं की साइकिल अनिवार्य, आवेदन सहित **संपर्क करें- शिवम पब्लिसिटी, वर्मा कॉम्पलेक्स, प्रथम तल, एसबीआई एटीएम के ऊपर, श्याम टॉकीज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर मों. 9229303242, 9329100263.**(आरो-911)

### गोदाम कार्य

**आवश्यकता है-** सेनेटरी हार्डवेयर गोदाम में सामान्य काम करने के लिए 2, ई रिक्शा चलाने के लिए 1 व्यक्ति की आवश्यता है। **वाहेगुरू ट्रेडर्स, मेडिशाइन हॉस्पिटल के पीछे, न्यू राजेंद्र नगर 9174100009.**(आरो-162)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** अग्रवाल फ्यूल्स ( पिआजियो अपे ऑटोशोरूम ) भिलाई में फिल्ड कार्य हेतु सेल्समैन-2पद की आवश्यकता है, न्यूनतम योग्यता बारहवीं पास, खुद का मोटरसाइकिल होना अनिवार्य है। **संपर्क करें:-मो.- 6264467558** (आरो नं.-227)

क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** अमलेश्वर के महादेव वाटिका स्थित रहवासी कॉलोनी में भूखंड क्रमांक-12, 1300 Sqft जमीन में भूतल पर निर्माण किया गया मकान बेचना है **केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें - 9873043842.**(RO-6679)

**मकान बेचना है-** दुर्ग शहर के टॉप लोकेशन न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर, वृंदावन नगर में 2BHK, 3BHK, 4BHK मकान उपलब्ध एवं बोरसी में 700/-से 2200/- रुपए फिट तक के प्लाट उपलब्ध फाइनेंस सुविधा के साथ **संपर्क - 7888098366.**(आरो 10376)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्कः- 7587708423.**(आरो-535)

## हमारा अशियाना




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

### गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

### छोटा लिंग निराश क्यों?

जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# भारत में कैश का जमकर उपयोग, जेब व तकिए के नीचे पड़े हैं 39 लाख करोड़

## खबर संक्षेप




### क्लीनमैक्स का आईपीओ 23 फरवरी को खुलेगा

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सार्वजनिक बिक्री के लिए 23 फरवरी को खुलेगा। कंपनी ने प्रति शेयर 1,000-1,053 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है।कंपनी का आईपीओ 25 फरवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशक 20 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

### भारत में नई 'पैकिंग' में नजर आएगा लेज़



**नई दिल्ली।** पेप्सिको का आलू चिप्स ब्रांड लेज़ अब भारत में अपनी नई ब्रांड पहचान यानी नई 'पैकिंग' में नजर आएगा। कंपनी बयान के अनुसार, नए 'लोगो' (पहचान चिह्न) वाले लेज़ के नए पैकेट मार्च के पहले सप्ताह से पूरे भारत में उपलब्ध होंगे। यह कंपनी के करीब 100 साल के इतिहास में सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड नवीनीकरण अभियान का हिस्सा है। पेप्सिको इंडिया में खाद्य उत्पादों की मुख्य विपणन अधिकारी साक्षी वर्मा मेनन ने कहा, खेत से पैकेट तक की हमारी यात्रा को अधिक स्पष्ट तरीके से दर्शाते हुए तथा पुनर्चक्रण योग्य 'पैकेजिंग' ढांचे को आगे बढ़ाकर, हम लेज़ के विकास में टिकाऊपन तथा गुणवत्ता को केंद्र में रख रहे हैं।''

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था में इन दिनों दो विरोधाभासी चलन देखने को मिल रहे हैं जिसने बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों का सिर चकरा दिया है। एक तरफ देश में डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड बना रहा है, तो दूसरी तरफ नकदी यानी कैश का भी जमाकर यूज लोग कर रहे हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2026 तक भारत में चलन में कुल कैश 40 लाख करोड़ रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 11.1 प्रतिशत की तगड़ी उछाल है। सबसे मजेदार बात यह है कि करंसी विद पब्लिक (सीडब्ल्यूपी) यानी लोगों के पास मौजूद कैश भी 39 लाख करोड़ रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है, जो कुल नकदी का लगभग 97.6 प्रतिशत हिस्सा है। यानी 39 लाख करोड़ रुपए तो सीधा 'पब्लिक' की जेब में, तकिए के नीचे या रसोई के डिब्बों में पड़ा है।

### एसबीआई ने जनवरी 2026 के लिए जारी की रिसर्च रिपोर्ट

#### यूपीआई ट्रांजेक्शन हर माह 28.3 लाख करोड़

डिजिटल इंडिया के दौर में जहां हम पान वाले को 5 रुपए भी स्कैन करके देते हैं, वहां 40 लाख करोड़ रुपए का कैश मार्केट में घूमना किसी 'आर्थिक रहस्य' से कम नहीं है। रिपोर्ट कहती है कि यूपीआई ट्रांजैक्शन अब हर महीने 28.3 लाख करोड़ रुपए के पार जा रहे हैं। यह आंकड़ा देश के कुल कैश का लगभग 70 प्रतिशत है। कायदे से तो जितना ज्यादा डिजिटल पेमेंट बढ़ता, उतना ही कैश कम होना चाहिए था। लेकिन यहां तो खेल ही उल्टा है।




#### कैश-टू-जीडीपी रेश्यो घटा

हालांकि, एक अच्छी खबर यह है कि 'कैश-टू-जीडीपी रेश्यो' 14.4 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत पर आ गया है। यानी अर्थव्यवस्था बड़ी हो रही है और उसमें डिजिटल का हिस्सा बढ़ रहा है, लेकिन कैश अपनी 'इज्जत' बचाने में कामयाब रहा है।

#### क्यों बढ रहा है नकदी का चलन

देश में नकदी का चलन बढने के कई कारण हैं। ऑनलाइन लेनदेन पर सरकार के रडार पर आने की वजह से भी बहुत से लोग नकदी को प्राथमिकता देते हैं। जुलाई 2025 में कर्नाटक के करीब 18,000 छोटे व्यापारियों को उनके यूपीआई ट्रांजैक्शन के आधार पर जीएसटी नोटिस भेज दिए गए। इसके बाद बड़ी संख्या में व्यापारियों ने यूबीआई से तौबा कर ली और ग्राहकों से कैश मांगना शुरू कर दिया।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा, समस्या तेजी से बढ़ रही

# 'डीपफेक' पर कहीं ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत, उद्योग जगत से बातचीत जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि 'डीपफेक' की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। 'डीपफेक', कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है। मंत्री ने कहा कि 'डीपफेक' और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके।

### बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए कड़े नियमों की जरूरत

#### समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही

मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि 'डीपफेक' की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है।



#### समाज को होने वाले नुकसान से बचाना जरूरी

वैष्णव ने कहा, ''मेरा मानना है कि 'डीपफेक' पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है।''

#### डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे

मंत्री ने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। 'एआई इम्पैक्ट समिट' से इतर सम्मेलन में मंत्री ने कहा, '' हमें 'डीपफेक' पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।''

#### संप्रभु मॉडल पेश किए गए

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा, '' यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी। इससे भारत की क्षमता एक नए स्तर पर पहुंच जाएगी।''

# डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे मजबूत होकर 90.69 पर बंद

### शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल में गिरावट से रुपया मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई



रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे मजबूत होकर 90.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया बढ़त में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लगातार पूंजी निकासी और डॉलर की मजबूती ने रुपया पर दबाव बनाया और इसकी तेजी पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.72 पर खुला और सीमित दायरे में रहा। रुपया ऊंचे में 90.64 तक गया और नीचे में 90.78 तक आया।

कारोबार के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से पांच पैसे मजबूत है। रुपया सोमवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ 90.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, अनुज चौधरी ने कहा कि रुपये में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और डॉलर की मजबूती के कारण थोड़ी कमजोरी के साथ कारोबार हुआ। हालांकि, घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से गिरावट पर अंकुश लगा।

# देश का चीनी निर्यात विपणन वर्ष में फरवरी तक 2.01 लाख टन

**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वर्ष 2025-26 के विपणन वर्ष में फरवरी तक 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष निर्यात गंतव्य रहा। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने यह जानकारी दी। चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है जिसके तहत मिल के बीच आनुपातिक रूप से ''कोटा'' वितरित किया जाता है। केंद्र सरकार ने 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए कुल 20 लाख टन निर्यात को मंजूरी दी है जिसमें हाल ही में स्वीकृत अतिरिक्त पांच लाख टन भी शामिल है।





# शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी सेंसेक्स 174 अंक मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की नुकसान में रहा,



जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को 'प्रेजिडेंट डे' के कारण बंद रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 972.13 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,666.98 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### इन शेयरों ने दर्ज किया नुकसान

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

## बिजनेस साइट

# डाबर च्यवनप्राश की रायपुर में अनोखी पहल

**रायपुर।** बदलते मौसम के साथ खांसी, जुकाम और सांस से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जिसका प्रमुख कारण कमज़ोर इम्यूनिटी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रायपुर के शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 250 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल बंशीलाल सूर्गे और डाबर इंडिया के दिनेश कुमार उपस्थित रहे। बच्चों को सत्र के दौरान बेसिक हाइजीन जैसे नियमित हाथ धोना, साफ-सफाई बनाए रखना और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। इस मौके पर डॉ. पंकज ने कहा, "डाबर च्यवनप्राश वर्षों से हर भारतीय को मज़बूत इम्यूनिटी देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल उसी प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान के माध्यम से हम बच्चों को इम्यूनिटी के महत्व के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।"



# पाकिस्तान के लिए आज करो या मरो का मुकाबला

- नामीबिया पर हर हाल में करनी होगी जीत दर्ज
- पाक का विश्वकप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंचा
- भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विश्व कप में प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो

### पाक तालिका में तीसरे स्थान पर

पाकिस्तान वर्तमान में भारत और अमेरिका के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि अमेरिका चार अंक और बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है।

### शाहिन को शुरुआत में विकेट लेने होंगे

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने अपने दो ओवरों में 31 रन लुटाकर एक विकेट लिया। एकमात्र सकारात्मक पहलू साइम अयूब का रहा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर भारत के शीर्ष क्रम को मुश्किल में डाल दिया था। नामीबिया के खिलाफ अफरीदी को शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे क्योंकि पहले छह ओवरों में प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करने से पाकिस्तान को मैच पर हावी होने का मौका मिल जाएगा।

### पाक की पावरप्ले में कमजोरी उजागर

पाकिस्तान की पावरप्ले की कमजोरियां भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। पिछले मैच में उसकी टीम ने पावरप्ले में चार विकेट गंवाए। उसके मध्य क्रम में बार-बार होने वाले बदलावों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, जिससे निचले क्रम में तेजी से रन बनाने की संभावना कम हो गई है। नामीबिया के पास प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं जिससे पाकिस्तान के लिए बीच के ओवरों में संघर्ष करना महंगा साबित हो सकता है। नामीबिया की टीम तीन हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है लेकिन वह जीत हासिल करके सम्मान के साथ विदाई लेने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

## टीम इंडिया की नीदरलैंड से होगी भिड़ंत, मैच शाम 7:00 बजे से

# अहमदाबाद को आज अभिषेक से आक्रामक पारी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे।

### अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते

अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है।

### अभिषेक के लिए शानदार अवसर

भारत पहले ही टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंच चुका है और ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ मैच अभिषेक के लिए रन बनाने का शानदार अवसर होगा। किशन और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया था। लेकिन लगातार दूसरे मैच में भारत के अन्य बल्लेबाजों ने किशन जैसा आत्मविश्वास नहीं दिखाया।



### नीदरलैंड के पास अच्छे स्पिनर नहीं



नीदरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को उनको खेलने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। नीदरलैंड की स्पिन आक्रमण में आर्यन दत्त और रोएलॉफ वैन डेर मेरवे शामिल है जो काफी समय से खेलने के बावजूद भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करें इसकी संभावना कम लगती है।

### नामीबिया व पाक के स्पिन गेंजबाजों ने भारत को किया परेशान

नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने अपनी 'राउंड आर्म' और 'बिहाइंड द स्टंप्स' गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में एक अन्य अपरंपरागत स्पिनर उस्मान तारिक ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। यहां तक कि साइम अयूब भी भारतीयों के खिलाफ प्रभावी साबित हुए थे।

### बुमराह सहित कुछ गेंदबाजों को दे सकता हैं आराम

गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत के पास सुपर आठ से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम देने का विकल्प है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। कोलंबो में अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में अर्शदीप सिंह के स्थान पर कुलदीप यादव को चुनने के बाद उम्मीद है कि भारत फिर से दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के संयोजन पर वापस लौटेगा। अगर बुमराह को आराम दिया जाता है तो मोहम्मद सिराज और अर्शदीप के अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना है। ऐसे में स्पिन विभाग की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल संभाल सकते हैं। नीदरलैंड को मौजूदा चैंपियन से मुकाबला करने के लिए अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में जबरदस्त सुधार करना होगा। नामीबिया पर शानदार जीत के बाद पिछले मैच में उसे अमेरिका से करारी हार मिली थी।



### टीम इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंडः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, जैक लायन-कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

## खबर संक्षेप



### प्रतिका आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को टखने की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। प्रतिका पिछले साल विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय चोटिल हो गई थी। उनकी जगह शेफाली वर्मा को उस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। भारत ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ''महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए प्रतिका रावल को भारतीय टीम में शामिल किया है।'बयान के अनुसार, ''प्रतिका ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अक्टूबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 के दौरान लगी टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं।''

### जेल में बंद इमरान के साथ मानवीय व्यवहार की अपील



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित 14 पूर्व कप्तानों ने जेल में बंद क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान के बिगड़ते स्वास्थ्य पर ''गहरी चिंता'' व्यक्त करते हुए पाकिस्तान सरकार से उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उचित चिकित्सा और सम्मानजनक परिस्थितियां प्रदान करने का आग्रह किया है। ऐसी खबरें आई हैं कि 1992 के विश्व कप विजेता टीम के कप्तान इमरान खान ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण अपनी दाहिनी आंख की लगभग 85 प्रतिशत दृष्टि खो दी है। लगभग 14 पूर्व कप्तानों ने ''पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों की अपील'' शीर्षक से पाकिस्तान सरकार को एक पत्र लिखकर इमरान के साथ उचित व्यवहार करने की मांग की।

# मैच धुलने से जिम्बाब्वे सुपर आठ में आस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप से बाहर


### आयरलैंड के खिलाफ मैच में दोनों टीमों को मिले एक-एक अंक

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा ,'' हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा लेकिन फोकस अगले मैच पर है।''

### 26 फरवरी को सुपर आठ में भारत से होगा मुकाबला



### सुपर आठ में द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भी होगी भारत की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज की 7 टीमें तय हो चुकी हैं। आखिरी टीम का फैसला बुधवार को पाकिस्तान-नामीबिया मैच से होगा। अगर पाकिस्तान जीता तो टीम सुपर-8 के ग्रुप-2 में पहुंचेगा। अगर नामीबिया जीत गया तो अमेरिका ग्रुप-2 में पहुंच जाएगा। टीम इंडिया ग्रुप-1 में रहेगी। जहां उसका सामना साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से होगा। ग्रुप-1 में पहले ऑस्ट्रेलिया के आने की उम्मीद थी, लेकिन टीम लीग स्टेज से ही बाहर हो गई है। उसकी जगह ग्रुप-बी से जिम्बाब्वे ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में क्वालीफाई किया है।

## एशिया कप राइजिंग स्टार्स : भारत 'ए' ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सीनियर टीम की गेंदबाज तनुजा कंवर और मिन्नू मणि के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने मंगलवार को यहां नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा ने 12 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मिन्नू ने आठ रन देकर तीन विकेट हासिल किये। इन दोनों स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने नेपाल को 18 ओवर में



केवल 78 रन पर आउट कर दिया। दिनेश वृंदा की 18 गेंदों पर नाबाद 39 रन की शानदार पारी से भारत ए ने महज 7.5 ओवर में तीन विकेट पर 82 रन बनाकर दो अंक हासिल किए। भारतीय टीम अब चार अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला यूएई और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले मैच के बाद होगा। यूएई के चार अंक हैं, लेकिन पाकिस्तान के जीत हासिल करने पर दोनों टीम के चार-चार अंक हो जाएंगे जिसके बाद नेट रन रेट के आधार पर यह तय होगा कि कौन सी टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। अगर यूएई जीत जाता है तो वह छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच जाएगा, जिससे भारत दूसरे स्थान पर खिसक जाएगा। भारत ने नेपाल के खिलाफ सभी विभागों में दबदबा बनाया।

### नेपाल ने 12 साल के जीत के सूखे को किया खत्म


**मुंबई।** कुशल भुर्तेल (43) की तूफानी शुरुआत और दीपेंद्र सिंह ऐरी (नाबाद 50) की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से नेपाल ने मंगलवार को यहां ग्रुप सी महज औपचारिकता वाले मुकाबले में स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में 12 साल के जीत के सूखे को खत्म किया। नेपाल ने 2014 में अपने पदार्पण विश्व कप में अफगानिस्तान और नीदरलैंड को हराया था, लेकिन उसके बाद से जीत का स्वाद नहीं चखा था। 'राइनोज' ने वानखेड़े स्टेडियम में 19,000 से अधिक दर्शकों के सामने प्रभावशाली जीत के साथ अभियान का समापन किया।



**स्कॉटलैंड ने सात विकेट पर 170 रन बनाए :** स्कॉटलैंड को सात विकेट पर 170 रन पर रोकने के बाद नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 171 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' एरी ने 23 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और चार चौके जड़े। गुलशन झा (नाबाद 24) ने उनका शानदार तरीके से साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 73 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

## न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 में पहुंचा

# युवराज के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ी फिलिप्स की तूफानी पारी




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए। फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

### फिलिप्स चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच

न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (06) और फिन एलन (21) के विकेट गंवा दिए। एलन ने दिलन हेइलिगर पर चौका और छक्का लगाया लेकिन इसी गेंदबाज ने अगले ओवर में उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में दो विकेट पर 60 रन बनाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और कनाडा के अनुभवहीन आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिलिप्स ने पारी के 11वें ओवर में अंश पटेल पर दो छक्के लगाकर केवल 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोन रेडमंड का 2009 में आयरलैंड के खिलाफ और वर्तमान टूर्नामेंट में सीफर्ट का यूएई के खिलाफ 23 गेंद में अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## हरमनप्रीत निजी कारणों से बाहर, एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे

# हार्दिक संभालेंगे भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे।

भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें



अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं।''

नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, ''हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे।''

### मनिंदर की टीम में वापसी

इस खिलाड़ी के करीबी एक सूत्र ने बताया कि हरमनप्रीत अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण अपनी पत्नी अमनदीप कौर के साथ रहना चाहते हैं और इसलिए वह टीम से हट गए हैं। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। वह आखिरी बार 2023-24 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत के लिए खेले थे। एक अन्य फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। फुल्टन ने कहा, ''हमारा लक्ष्य होबार्ट में बेहतर प्रदर्शन करना और विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देना है।''

**भारतीय टीम इस प्रकार हैः**

गोलकीपरः सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनाहल्ली शशिकुमार। डिफेंडरः अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच, पूवन्ना चंदूरा बॉबी।
मिडफील्डरः राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल।
फॉरवर्डः अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य अर्जुन लालगे, अंगद बीर सिंह, मनिंदर सिंह।

### श्रीजेश ने मुख्य कोच पद के लिए दोबारा किया आवेदन

**नई दिल्ली।** महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के पिछले साल दिसंबर में समाप्त होने के बाद इस पद के लिए दोबारा आवेदन किया है।



इस नियुक्ति पर अगले पखवाड़े में फैसला होने की संभावना है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश को अगस्त 2024 में जूनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके मार्गदर्शन में भारत ने बीते दिसंबर में चेन्नई में आयोजित एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। टीम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर नौ साल बाद इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल किया था। श्रीजेश ने कहा, ''हां, विश्व कप के बाद 21 दिसंबर को मेरा अनुबंध खत्म हो गया था और उसके बाद मैं केरल स्थित अपने गृहनगर में हूं।




# जाग उठा है जानलेवा ज्वालामुखी! निगल चुका है हजारों जानें

मेक्सिको में पिछले साल कुछ ऐसी एक्टिविटीज हुई हैं, जिसने कई देशों के वैज्ञानिकों की नींदें उड़ा दी है। यहां स्थित एक्टिव वोल्कैनो चिचोनाल में हलचल देखने को मिली है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ये अच्छे संकेत नहीं हैं।

**मेक्सिको सिटी।** एल चिचोन ज्वालामुखी, जिसे चिचोनाल भी कहा जाता है, फिर से हलचल दिखा रहा है। ये ज्वालामुखी चियापास राज्य के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और 1982 में हुए भयानक विस्फोट के लिए कुख्यात है। उस समय इसने हजारों जानें ली थीं और पूरे इलाके को तबाह कर दिया था। अब 2025-2026 में वैज्ञानिकों ने नए संकेत देखे हैं, जिससे उनकी नींद उड़ गई है। नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको के रिसर्चर्स जून से दिसंबर 2025 तक मॉनिटरिंग कर रहे थे और उन्होंने क्रेटर में कई बदलाव पाए।

## हलचल देखते ही वैज्ञानिकों की छूटी कंपकंपी

### खतरे का निशान

क्रेटर लेक का रंग हरा से ग्रे हो गया, सल्फेट और सिलिका की मात्रा बढ़ गई। लेक का तापमान 118 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो उबलते पानी से भी ज्यादा है। गैसें जैसे हाइड्रोजन सल्फाइड और कार्बन डाइऑक्साइड उबल रही हैं, सल्फर की अजीब बनावटें दिख रही है। जून से अगस्त 2025 में सिस्मिक एक्टिविटी बढ़ी, कई छोटे-छोटे भूकंप आए, मैग्निट्यूड 1.4 से 3.6 तक गया. 2026 में भी ये हलचल जारी है, जिसमें पिछले हफ्ते में 100 से ज्यादा क्वेक दर्ज हुए है।



### चिंतित हैं वैज्ञानिक

डॉ. पैट्रिशिया जाकोमे पाज ने कहा कि ये बदलाव क्रेटर सिस्टम में हैं, लेकिन मॉनिटरिंग जरूरी है। 1982 का विस्फोट मेक्सिको की सबसे बड़ी ज्वालामुखी तबाही थी। मार्च-अप्रैल में तीन बड़े एक्सप्लोसिव इरप्शन हुए, थे जो वीईआई 5 लेवल के थे। पाइरोक्लास्टिक फ्लो और सर्ज ने 9 गांव पूरी तरह मिटा दिए थे। 1900 से 3500 लोग मारे गए थे। राख 40 सेमी तक गिरी, कॉफी, कोको, केला की फसलें बर्बाद हुईं थी।. सल्फर डाइऑक्साइड से ग्लोबल टेम्परेचर प्रभावित हुआ था। नाला के अनुसार, ये इरप्शन स्ट्रेटोस्फियर को गर्म कर गया था। लोग चर्च में प्रेयर के दौरान मारे गए, क्योंकि पहले भूकंप से इमारतें गिरी थी।

### क्या दोहराया जाएगा इतिहास

अब सोशल मीडिया पर इसकी फोटोज और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जइसेमिन क्रेटर लेक का बदलता रंग, उबलती गैसें, सल्फर क्रिस्टल नजर आ रहे हैं। लोग कमेंट कर रहे हैं, 'क्या फिर 1982 दोहराया जाएगा? या वैज्ञानिकों की कपकपी सही है!' प्रोटेक्शन सिविल ऑफ चियापास ने क्रेटर में जाने पर बैन लगा दिया, क्योंकि गैसें खतरनाक हैं और जमीन अस्थिर है। इलाके में येलो अलर्ट फेज 1 जारी है। कुछ महीने पहले क्रेटर बंद था, लेकिन अब कुछ जगहों पर विजिटर्स को अनुमति मिल रही है, लेकिन सख्त नियमों के साथ।

## रोचक खबरें

### पति को ही बना दिया शिवलिंग, महिला ने धड़ को जमीन में गाड़कर सिर पर किया जलाभिषेक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया हर दिन कई तरह के वीडियो देखने को मिलते हैं। इनमें कुछ बेहद हैरान करने वाले हैं, तो कुछ भावुक कर देने वाले। कई वीडियो को देखकर लोग हंस हंसकर लोटपोट हो जाते हैं। अब इन दिनों एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। इस वीडियो में एक महिला को पूजा करते हुए दिखाया गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला अपने ही पति जमीन में गाड़कर उसकी पूजा करती हुई दिख रही है। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है? दरअसल, महिला ने अपने पति को जमीन में गाड़ दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला के पति का धड़ जमीन के भीतर है और सिर्फ उसका सिर बाहर दिख रहा है। महिला अपने पति के सिर पर दूध और जल चढ़ाती है और पूजा अर्चना कर रही है, जैसे शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। वीडियो में महिला पूरी श्रद्धा के साथ पूजा करती हुई दिख रही है। पहले महिला अपने पति के सिर पर जल और दूध चढ़ाती है। इसके बाद फूल चढ़ाती है और फिर प्राथना करती है। इस दौरान आसपास मौजूद लोग अनोखी पूजा को देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि महिला ने अपने पति को शिवलिंग मानकर पूजा की। हालांकि, यह साफ नहीं है कि यह मामला कहां का और कब का है।



### 1 दिन में बना डाली अरबों की फिल्म, 100 प्रतिशत एआई

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल अब कई सेक्टर्स में किया जाने लगा है। कुछ यूज तो ऐसे होते हैं कि लोग भी हैरान हो जाते हैं। एआई की वजह से आने वाले समय में इंसानों को फायदा होता है या नुकसान ये तो देखने वाली बात है, लेकिन हाल ही में द डार ब्रदर्स ने तीन मिनट की एक फिल्म एआई की मदद से बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस फिल्म ने तहलका मचा दिया है। दावा किया जा रहा है कि जिस वीडियो को उन्होंने एक दिन में एआई की मदद से बनाया है, उसे बनाने में असल जिंदगी में अरबों रुपए और कई दिन लग जाते। रोंगटे खड़े कर देने वाले इस वीडियो ने लोगों को भी हैरान कर दिया है।



### महिला की खूबसूरती के थे लाखों दीवाने, 4 सेकंड में खुल गया राज

**बीजिंग।** सोशल मीडिया पर एक चाइनीज स्ट्रीमर इन दिनों चर्चा में है। इस महिला स्ट्रीमर के लाखों फॉलोवर्स थे। लेकिन, बीते दिनों एक वीडियो अपलोड करने के दौरान उससे ऐसी गलती हुई कि करीब डेढ़ लाख लोगों ने उसे अनफॉलो कर दिया। दरअसल, लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान महिला के ऐप के फ़ल्टिर में टेक्नीकल एरर आ गया, जिसकी वजह से उसका रियल चेहरा सामने आ गया। बताया जा रहा है कि फ़ल्टिर के साथ महिला काफी खूबसूरत दिखती थी, जबकि असलियत ऐसी नहीं थी। उसके असली चेहरे को देखने के बाद उसके फॉलोवर्स का दिल टूट गया और उन्होंने तुरंत उसे अनफॉलो करना शुरू कर दिया।



## विरासत

# भारत की इकलौती नदी है गंगा जो बहती है पांच राज्यों में

### लाखों लोगों के लिए बनी हुई है जीवन का आधार

**नई दिल्ली।** भारत में कुछ नदियां पूर्व से पश्चिम की ओर तो कुछ पश्चिम से पूर्व की ओर बहती हैं। इस क्रम में वे कई राज्यों की सीमाओं को पार करती हैं। लेकिन, हमारे देश में सबसे अधिक राज्यों से बहने वाली नदी केवल एक है। भारत में अनेक नदियां हैं, जो खेती-बाड़ी के लिए जीवन रेखा के रूप में कार्य करते हुए देश के विकास में सहायता कर रही हैं। साथ ही स्थानीय लोगों की लाइफस्टाइल का दर्पण बनकर भारत की विविध संस्कृति को जीवंत बनाए रखती हैं। इनमें से कुछ नदियां पूरब से पश्चिम तो कुछ पश्चिम से पूरब की ओर बहती हैं। इस क्रम में कुछ नदियां एक राज्य में ही खत्म हो जाती हैं, तो कई नदियां अलग-अलग राज्यों से होकर गुजरती हैं। ऐसे में अगर आपसे पूछा जाए कि भारत की वो इकलौती नदी कौन सी है, जो पांच राज्यों से होकर गुजरती है? क्या आप उसका नाम जानते हैं? अगर नहीं जानते तो बता दें कि उस नदी का नाम गंगा है।



### 11 राज्यों तक फैला हुआ है जलग्रहण क्षेत्र

गंगा नदी 5 राज्यों से होकर बहती है, लेकिन इसका नदी बेसिन (जलग्रहण क्षेत्र) पूरे 11 राज्यों तक फैला हुआ है। यमुना, सोन, चंबल और गंडक जैसी सहायक नदियां अन्य राज्यों में उत्पन्न होकर या बहकर आकर गंगा में मिलती हैं। ये सभी गंगा नदी बेसिन का हिस्सा हैं। इस हिसाब से गंगा के बहने वाले 5 राज्यों के अलावा हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली (यमुना नदी बेसिन), राजस्थान (चंबल, बनास जैसी सहायक नदियां), मध्य प्रदेश (चंबल, बेतवा, केन, सोन जैसी सहायक नदियां), छत्तीसगढ़ (सोन नदी की सहायक नदियां) राज्य गंगा नदी बेसिन के अंतर्गत आते हैं।

### खुद को शुद्ध करने की क्षमता है गंगा नदी में

गंगा नदी में खुद को शुद्ध करने की क्षमता है। इस नदी में 'बैक्टीरियोफेज' नामक वायरस पाए जाते हैं। ये पानी में हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। देश की अन्य नदियों की तुलना में गंगा में अधिक घुलित ऑक्सीजन (डिजॉल्व्ड ऑक्सीजन) पाई जाती है। लुप्तप्राय और दुर्लभ 'गंगा नदी डॉल्फिन' इसी नदी में निवास करती हैं। पश्चिम बंगाल में यह नदी दो भागों में बंट जाती है। एक भाग हुगली के रूप में कोलकाता की ओर तो दूसरा पद्मा के रूप में बांग्लादेश की ओर चला जाता है। गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियां मिलकर जहां बंगाल की खाड़ी में मिलती हैं, वहां दुनिया का सबसे बड़ा नदी मुहाना (डेल्टा) 'सुंदरबन डेल्टा' बनता है।

### गंगोत्री को गंगा नदी का माना जाता है उद्गम स्थल

उत्तराखंड में गंगोत्री को गंगा नदी का उद्गम स्थल यानी जन्म स्थान माना जाता है। वहां इसे भागीरथी के नाम से पुकारा जाता है। यह देवप्रयाग में अलकनंदा नदी से मिलकर गंगा नदी बनती है। लगभग 2,525 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह नदी उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर बहती है।

### अलकनंदा से मिलकर बढ़ाती है अपनी शक्ति

उत्तराखंड से निकलने वाली यह नदी अलकनंदा से मिलकर अपनी शक्ति बढ़ाती है। वहां से उत्तर प्रदेश के हरिद्वार, प्रयागराज और वाराणसी जैसे आध्यात्मिक शहरों को छूती हुई बहती है। उसके बाद यह बिहार में बक्सर जिले में प्रवेश करती है। इसके बाद पटना, भागलपुर क्षेत्रों में यह नदी 30 मीटर से अधिक (लगभग 100 फीट) गहरी हो जाती है। फिर यह झारखंड के साहिबगंज जिले में केवल थोड़ी दूरी तक बहती है।

## मछली पकड़ने नदी में एक साथ कूदे हजारों मछुआरे, भव्य और हैरान करने वाला नजारा



**अबूजा।** मछली पकड़ना कुछ लोगों का शौक होता है तो कुछ लोगों की जरूरत। पर क्या आपने कभी मछली पकड़ने को कंप्टीशन की तरह देखा है? हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हजारों मछुआरे एक साथ नदी में कूदकर मछली पकड़ते नजर आ रहे हैं। ये नजारा जितना भव्य है, उतना ही हैरान करने वाला भी है। ऐसा लग रहा है कि ये लोग किसी प्रतियोगिता का हिस्सा हैं और जल्द से जल्द मछली पकड़ लेना चाहते हैं। हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया, जो नाइजीरिया की माटन फाडा नदी का है। ये नजारा नाइजीरिया के उत्तर पश्चिमी इलाके में बसे शहर आर्गुंगू का है। यहां पर बेहद लोकप्रिय आर्गुंगू फिशिंग फेस्टिवल हुआ है। इस साल 11 फरवरी से 14 फरवरी तक ये फेस्टिवल यहां पर चला, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया।

### मछुआरों ने पकड़ी मछलियां

इस फेस्टिवल को देखने के लिए राष्ट्रपति बोला टिनुबू भी बीते शनिवार को शामिल हुए। सैकड़ों लोग फेस्टिवल को देखने के लिए जुटे थे, जिसमें सबसे आकर्षक होती है मछली पकड़ने की प्रतियोगिता। मछुआरे इस दौरान सबसे बड़ी मछली पकड़कर अवॉर्ड जीतते हैं। पर मछली पकड़ने के लिए उन्हें ट्रेडिशनल टूल्स का सहारा लेना पड़ता है, जिसमें हाथ से बने जाल या फिर सूखी लौकी शामिल है, जिससे मछली पकड़ी जाती है।

## दुनिया की वो जगह, दिन में पड़ती है भीषण गर्मी, रात होते ही लोग निकाल लेते हैं रजाई!

**विंडहोक।** दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं, जो अपने आप में अनोखे होते हैं। ऐसी ही एक जगह है नामीबियाई रेगिस्तान, जहां दिन में आपको भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा, लेकिन रात को ठिठुरन आपको परेशान कर देगी। यहां रेगिस्तान और महासागर का मिलन होता है। दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जहां प्रकृति अपने सबसे अनोखे और चरम रूप में नजर आती है। ऐसी ही एक जगह है अफ्रीका के नामीबिया में स्थित नामीब रेगिस्तान. दुनिया का सबसे पुराना रेगिस्तान, जो करीब 55-80 मिलियन साल से सूखा पड़ा है।

यहां दिन और रात का तापमान इतना अलग-अलग होता है कि लोग हैरान रह जाते हैं। दिन में भीषण गर्मी पड़ती है, जहां सैंड का तापमान 60 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाता है, लोग पसीने से तर-ब-तर होकर थक जाते हैं। लेकिन, जैसे ही रात होती है, तापमान तेजी से गिरकर शून्य से नीचे चला जाता है और लोग रजाई या मोटे कंबल निकालकर ठंड से बचते हैं।



### कहलाता है नर्क का द्वार

इस रेगिस्तान का सबसे खतरनाक और खूबसूरत हिस्सा है 'स्केलेटन कोस्ट' – जिसे पुर्तगाली नाविकों ने 'द गेट्स ऑफ हेल' या 'नर्क का द्वार' कहा था। यहां हजारों जहाज तबाह हो चुके हैं, क्योंकि तेज हवाएं, कोहरा और रेत के टीले जहाजों को फंसा लेते हैं। समुद्र तट पर बिखरे जहाजों के मलबे और व्हेल की हड्डियां 'स्केलेटन'नाम का कारण बने। दिन में यहां गर्मी इतनी तेज होती है कि लोग पानी की कमी से जूझते हैं, लेकिन रात में ठंड इतनी कि कंबल या रजाई के बिना सोना मुश्किल होता है। नामीब में जीवन भी अनोखा है। यहां वेलविचिया पौधा 2000 साल तक जीवित रह सकता है, फॉग से पानी इकट्ठा करता है। ओरिक्स, जैकल जैसे जानवर दिन में छिपते हैं और रात में एक्टिव होते हैं।

### महासागर-रेत का मिलन

नामीब रेगिस्तान का खास फीचर है इसका अटलांटिक महासागर से मिलना। पश्चिम में ठंडी बेंगुएला करंट बहती है, जो कोहरे और कम बादलों का कारण बनती है। कोस्टल एरिया में दिन का तापमान 9-20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, लेकिन इनलैंड में गर्मी 45 डिग्री से ज्यादा और कभी-कभी 50 डिग्री तक पहुंच जाती है। रात में इनलैंड में तापमान फ्रीजिंग पॉइंट से नीचे गिर जाता है, यहां तक कि बर्फ भी पड़ सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ इलाकों में सालाना बारिश सिर्फ 2 मिलीमीटर होती है, जो इसे दुनिया के सबसे सूखे इलाकों में से एक बनाता है।







## यहां लगी है घुटनों पर बैठे पति-पत्नी की मूर्ति, बेइंतहा नफरत करते हैं लोग

**बीजिंग।** यूं तो दुनिया में सैकड़ों लोगों की मूर्तियां चौक-चौराहों पर लगी हैं, जिन्हें बहुत सम्मान दिया जाता है, फूल-माला पहनाए जाते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक कपल की ऐसी भी मूर्ति है, जिसका सम्मान करना तो दूर, लोग उसके ऊपर थूकते हैं, उसे थप्पड़ और लात-घूंसे मारते हैं। ये पति-पत्नी घुटनों के बल बैठे दिखाए गए हैं और उनका सिर नीचे झुका है। इन दोनों को देश का सबसे ज्यादा नफरत किए जाने वाले लोग माना जाता है।

ऑडिटी सेंट्रल न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार चीन के हांग्जू शहर में दो मूर्तियां हैं, जिनका इतिहास 500 साल पुराना है। ये मूर्तियां किन हुई (किन हुई प्रतिमा चीन) और उनकी बीवी की है। किन हुई, 12वीं सदी में चीन के सॉन्ग साम्राज्य में एक बड़े पद पर आसीन अधिकारी थे। उनकी और उनकी बीवी की मूर्तियां एक महान और निडर जनरल, हुई फी के मकबरे के सामने लगाई गई है।



### जनरल को झूठे आरोपों में फंसाया

यूं तो किन हुई का नाम इतिहास में चर्चित है क्योंकि उन्होंने जिन नाम के एक दूसरे साम्राज्य से संधि करवाई थी, पर उन्हें बुरा इस वजह से माना जाता है, क्योंकि उन्होंने जनरल हुई फी को ऐसे आरोपों में फंसाया, जिसे उन्होंने अंजाम ही नहीं दिया था। उनके झूठे आरोपों की वजह से जनरल को पहले जेल में डाला गया और फिर मौत दे दी गई। मौत के बाद जनरल हुई फी चीन में शहीद बन गए, लोग उन्हें नम आंखों से याद करते हैं। वो लोगों के हीरो हैं ,क्योंकि उन्होंने चीन की रक्षा दुश्मनों से की थी। पर दूसरी ओर किन हुई को चीन का सबसे ज्यादा नफरत किया जाने वाला व्यक्ति माना गया। हर दिन हजारों लोग जो वहां से गुजरते हैं, वो मूर्तियों पर थूकते हैं, थप्पड़ मारते हैं और जूते मारते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com